दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, सोमवार 09 मार्च 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 994

## संक्षिप्त खबरें ।

### कमजोर नस पर वार होते ही घातक हुआ ईरान, अमेरिका की नेवी फ्लीट पर बरसाए बम, 21 सैनिक मार डाले



**लोक तंत्र की आवाज़**
**प्रबंधसंपादक शैलेश कुमार द्वारा**

**नईदिल्ली।** ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध कहीं से भी थमने की गुंजाइश नजर नहीं आ रही है, बल्कि ये और तेज हो गया है. ईरानी आर्म्ड फोर्सेज ने दावा किया है कि उन्होंने बहरीन में मौजूद अमेरिका की पांचवीं नेवी फ्लीट को निशाना बनाया है. ईरान के दावे मुताबिक इन हमलों में उनके 21 सैनिक मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना उस समय हुई जब क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी नौसैनिक बलों और ईरानी सैन्य ठिकानों के बीच टकराव हुआ. हमलों के दौरान कई ठिकानों और सैन्य परिसरों को निशाना बनाया गया, जिसकी वजह से ईरानी सैनिकों को भारी नुकसान हुआ। ईरान ने बहरीन की राजधानी मनामा के जुफैर इलाके में मौजूद यूनाइटेड स्टेट्स नेवी फिफ्थ फ्लीट के मुख्यालय पर नया हमला किया है. ईरानी मीडिया ने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें हमले के बाद वहां आग लगती दिखाई दे रही है. अमेरिकी नौसेना का यह पांचवां बेड़ा नेवल सपोर्ट एक्टिविटी बहरीन में स्थित है और मध्य-पूर्व में अमेरिका की सबसे महत्वपूर्ण सैन्य मौजूदगी माना जाता है।

**पहले कब-कब हुए हैं हमले? :** 28 फरवरी, 2026 को IRGC ने बैलिस्टिक मिसाइलों और शाहेद -136 ड्रोन से यहां हमला किया था. सैटेलाइट तस्वीरों और वीडियो में बेस से काला धुआं उठता दिखाई दिया था. रिपोर्टों के अनुसार इस हमले में रडार सिस्टम, सर्विस बिल्डिंग और सैटेलाइट कम्युनिकेशन उपकरणों को भारी नुकसान हुआ. अमेरिकी अधिकारियों ने कहा था कि हमले के समय सैनिक बंकरों में थे. क्षेत्र में बढ़ते तनाव के दौरान कम से कम तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई थी, हालांकि बहरीन बेस पर तुरंत किसी मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई थी।

**ईरान ने बताया जवाबी कार्रवाई:** ईरान ने इन हमलों को अमेरिका और इजराइल के संयुक्त अभियान ऑपरेशन एपिक फ्यूरी का जवाब बताया है. ईरान का कहना है कि इस ऑपरेशन में उसके कई वरिष्ठ नेताओं को निशाना बनाया गया था. हमले से पहले अमेरिका ने भी क्षेत्र में अपनी नौसेना की तैनाती बढ़ा दी थी. रिपोर्ट के मुताबिक तैनात अमेरिकी नौसैनिक बेड़े का लगभग एक-तिहाई हिस्सा ईरान को रोकने के लिए इस इलाके में लगाया गया था।

# नीतीश कुमार एक तरफ, निशांत कुमार दूसरी तरफ जाएंगे राज्यसभा निर्वाचन से पहले सीएम की यात्रा से क्या संदेश?



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जब से राज्यसभा जाने का एलान किया है, तब से बिहार की राजनीति में उथल-पुथल मच गई है। नीतीश कुमार और उनके बेटे निशांत कुमार चर्चा के केंद्र बिन्दु में हैं। जनता दल यूनाईटेड में शामिल होने के बाद निशांत कुमार बिहार की यात्रा पर निकलेंगे। वह अपनी यात्रा की शुरुआत चंपारण से करेंगे। वह अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए बिहार भ्रमण करने की तैयारी में हैं।

### 10 से 13 मार्च तक कोसी-सीमांचल की यात्रा

इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 से 13 मार्च तक कोसी-सीमांचल की यात्रा पर निकलने की तैयारी में है। शनिवार को वह बख्तियारपुर गए थे। उनके बॉडी लैंग्वेज से एक बार भी नहीं लगा कि बिहार से दूर होना चाहते हैं। ऐसे में उनके दौरे से सियासी गलियारे में हलचल तेज हो गए हैं। सीएम 10 मार्च को सुपौल में समृद्धि यात्रा पहुंचेंगे। इसके बाद मधेपुरा, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णिया में कार्यक्रम करेंगे। इसके बाद सहरसा और खगड़िया में कार्यक्रम का प्लान बना है।

**जदयू प्रदेश अध्यक्ष के इस बयान ने बढ़ाई टेंशन :** जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि जदयू के सभी नेताओं की भारी मांग पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार जदयू ज्वाइन कर रहे हैं। सभी विधायकों, कार्यकर्ताओं की इच्छा से मुख्यमंत्री से आग्रह किया। लंबी मांग के बाद सहमति दी उन्होंने। भाजपाई सीएम के लिए तैयार हैं आप? इस सवाल के जवाब में उमेश कुशवाहा ने कहा कि एनडीए के नेता हमारे नेता नीतीश कुमार हैं। नीतीश कुमार को जनादेश मिला है। नई सरकार का गठन कब होगा? इस सवाल के जवाब में उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ने इस्तीफा तो दिया नहीं है। नई सरकार की गठन की चर्चा अभी कहां! जब समय आएगा, तब जनादेश हासिल करने वाले नीतीश कुमार तय करेंगे कि सीएम कौन होगा? कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ने कुछ सोच-समझ कर राज्यसभा के लिए नामांकन किया है।

## नीतीश के हाथ में अब कुछ भी नहीं

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पार्टी के विधायकों, सांसदों की बैठक बुलाई तो उसमें कहा कि सब कुछ पहले जैसा ही रहेगा और वे दिल्ली से पार्टी के कामकाज पर नजर रखेंगे। उनसे ज्यादा उनके साथ वाले नेताओं ने भरोसा दिलाने की कोशिश की। लेकिन हकीकत यह है कि नीतीश कुमार के हाथ में अब कुछ भी नहीं है। उनको मुख्यमंत्री पद से हटाने के लिए भाजपा ने पिछले 12 साल से जो अभियान चला रहा था उसमें कामयाब होने के बाद भाजपा ने यह भी सुनिश्चित किया है कि नीतीश की मोलभाव की क्षमता को भी जीरो कर दिया जाए। तभी भाजपा ने सत्ता में साझीदारी के पुराने फॉर्मूले को मानने से इनकार कर दिया है। जानकार सूत्रों का कहना है कि जिस मॉडल पर नीतीश की सरकार बनी थी उस मॉडल पर भाजपा की सरकार नहीं बनेगी। कम से कम दो मामलों में भाजपा ने इसे साफ कर दिया है।

पहला मामला स्पीकर का है। नीतीश कुमार की पार्टी की ओर से कहा गया कि भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा तो स्पीकर जनता दल यू का होगा। बताया जा रहा है कि भाजपा ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ध्यान रहे इससे पहले नीतीश कुमार की पिछली दो सरकारों में इसी फॉर्मूले पर भाजपा का स्पीकर बनता था। पहले विजय सिन्हा बने, जो अभी उप मुख्यमंत्री हैं, फिर नंदकिशोर यादव स्पीकर हुए, जिनको अभी नगालैंड का राज्यपाल बनाया गया है। इसके बाद 2024 में भाजपा की सरकार बनी तो प्रेम कुमार स्पीकर बने। लेकिन अब भाजपा ने साफ कर दिया है कि सीएम भी उसी का होगा और स्पीकर भी उसी का होगा। भाजपा ने बड़ी कृपा दिखाते हुए कहा कि विधान परिषद में नीतीश की पार्टी का सभापति बनाया जा सकता है। हालांकि अब नीतीश की मानसिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे कोई खेल कर सकें और उनके सभी करीबी नेता भाजपा के साथ ही हैं फिर भी भाजपा जोखिम नहीं ले रही है। आखिर नीतीश की पार्टी के 85 विधायक हैं।

दूसरा मुद्दा गृह मंत्रालय का है। पिछले साल सरकार बनी और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हुए तो भाजपा ने गृह मंत्रालय पर दावा कर दिया। इससे पहले गृह मंत्रालय हमेशा मुख्यमंत्री के पास रहता था। लेकिन इस बार भाजपा ने यह मंत्रालय अपने पास रखा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को गृह विभाग का जिम्मा मिला। इसी फॉर्मूले पर नीतीश की पार्टी गृह मंत्रालय की मांग कर रही है। लेकिन भाजपा ने इनकार कर दिया है। बिहार में कानून व्यवस्था को बहुत अच्छा करने के अपने एजेंडे का हवाला देकर भाजपा ने कहा है कि गृह मंत्रालय उसके पास ही रहेगा।

# बालेन शाह से नेपाल को है ढेर सारी उम्मीदें, उन तमाम देशों के शासकों को सबक भी है यह चुनाव

**लोक तंत्र की आवाज़**



**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा**

**काठमांडू।** नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझ कर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है जहां उनमें पलायन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रभावशाली लोगों के बच्चों तक ही सीमित सुख और अय्याशी पूर्ण जीवन शैली की आग धधक रही थी।

देखा जाए तो चुनावी लहर इसे ही कहते हैं जहां किसी के पक्ष में सहानुभूति की जगह बदले की आग थी जिसकी लपटों में नेपाल की एक से एक पुरानी पार्टियां जलकर राख हो गई। यहां नेपाली कांग्रेस भी भस्म हुई तो कम्युनिस्ट पार्टियां भी स्वाहा हो गई। नेपाल से कम्युनिस्ट पार्टियों का खात्मा भारत के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है। चुनाव प्रारंभ होने के कुछ दिन बाद सत्ता में आ रही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को शहरी प्रभाव वाली पार्टी कहकर इसके सीमित क्षेत्रों तक सिमटने का कयास लगाया जा रहा था और चार बार के प्रधानमंत्री ओली को धूल चटाते हुए एतिहासिक मतों के अंतर से जीते काठमांडू के पूर्व मेयर और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री पद का चेहरा रहे बालेन शाह को कड़े मुकाबले में फंसना बताया जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों के सारे के सारे अनुमान धरे के धरे रह गए।

चुनाव नतीजों में हर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिल रही शानदार बढ़त से यह साफ हो गया है कि राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल को पहली बार पूर्ण बहुमत की सरकार नसीब होने जा रहा है। इस चुनाव परिणाम से सर्वाधिक खुश नेपाल के वे 70 प्रतिशत युवा हैं जिन्होंने एतिहासिक बदलाव की इबारत लिखी। सरकार बालेन शाह के नेतृत्व में बनना तय है। पार्टी अध्यक्ष रवि लामिछाने ने बालेन शाह को पार्टी में शामिल होते ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया था। नेपाल की राजनीति में पत्रकार से राजनेता बने रवि लामिछाने की इस चुनावी बिसात की तारीफ हर ओर हो रही है। नई सरकार में रवि लामिछाने गृहमंत्री होंगे, यह भी तय है।

# चाचा बनाम भतीजा: विधायक मनोज पांडे पर बरसे यश, रायबरेली में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- 'मैं सत्ता नहीं सत्य के साथ'

**लोक तंत्र की आवाज़**



**यूपी प्रभारी रत्ना द्वारा**

**रायबरेली।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अपनी यात्रा के दूसरे दिन रायबरेली पहुंचे, जहां उन्होंने यश राकेश पांडे के आवास पर रात्रि प्रवास किया. यश पांडे ऊंचाहार से भाजपा समर्थित विधायक मनोज पांडे (SP) के भतीजे हैं. यश ने अपनी ही सरकार और चाचा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए स्वामी जी के आदेशों का पालन करने का संकल्प लिया. दूसरी ओर, अविमुक्तेश्वरानंद ने यूपी में बीफ एक्सपोर्ट में नंबर वन होने और इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए बीफ कंपनियों से चंदा लेने के गंभीर आरोप लगाए. इसके आलावा उन्होंने रीवा एक्सप्रेस में आशुतोष महाराज पर हुए कथित हमले को खुद को बदनाम करने की साजिश करार दिया है।

**चाचा मनोज पांडे पर यश का तीखा हमला:** यश राकेश पांडे ने अपने विधायक चाचा मनोज पांडे पर सीधा हमला बोलते हुए उन्हें 'धोखेबाज' करार दिया. यश ने कहा कि जो व्यक्ति अपने भाई, जनता और अपनी 'मां' समान पार्टी का सगा नहीं हुआ, वह किसी का नहीं हो सकता. उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पिता की मृत्यु के समय मनोज पांडे ने दुख की घड़ी में 'आपदा में अवसर' तलाश कर राजनीतिक लाभ लिया. यश ने साफ किया कि वह सत्य के साथ हैं, सत्ता के साथ नहीं, और हर हाल में स्वामी जी के साथ खड़े रहेंगे। यश पांडे ने 'आज तक' से बातचीत में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का समर्थन करते हुए गौ-रक्षा और सनातन के मुद्दे पर सरकार को घेरा. उन्होंने अपने चाचा, विधायक मनोज पांडे पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्हें 'धोखेबाज' बताया. उन्होंने स्पष्ट किया कि वे सत्ता के नहीं, बल्कि सत्य और महाराज जी के साथ खड़े हैं।

**बीफ एक्सपोर्ट और चंदे पर अविमुक्तेश्वरानंद के आरोप:** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश बीफ एक्सपोर्ट में देश में नंबर वन है. उन्होंने आरोप लगाया कि 2012 से 2019 के बीच राज्य में 15 से 18 लाख गायें कम हो गई हैं. स्वामी जी ने कड़े शब्दों में कहा कि गौ हत्यारों का नोट और गौ भक्तों का वोट अब एक झोली में नहीं रहेगा. उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए भाजपा को बीफ कंपनियों से चंदा मिलने की बात कहते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठाए।

# ईरान में जंग का असर: 1,300 से ज्यादा मौतें, 1 लाख लोग बेघर

**लोक तंत्र की आवाज़**



**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा**

**नईदिल्ली।** इस्लामी गणराज्य के भीतर मानवीय संकट एक गंभीर चरण पर पहुंच गया है क्योंकि मौजूदा शत्रुता जारी है, जिसके परिणामस्वरूप देश भर में भारी संख्या में हताहत और बड़े पैमाने पर विस्थापन की खबरें आ रही हैं। संघर्ष शुरू हुए एक सप्ताह से अधिक समय हो गया है और ईरान में मानवीय संकट के परिणाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अल जज़ीरा के अनुसार, तबाही का पैमाना बढ़ता जा रहा है और आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि हिंसा शुरू होने के बाद से "1,300 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं"।

लड़ाई इतनी तीव्र हो गई है कि "लगभग 100,000 लोग विस्थापित हो गए हैं", क्योंकि निवासी सुरक्षा की तलाश में "अपने घरों से भागने को मजबूर हैं"। लोगों के इस बड़े पैमाने पर पलायन ने राहत प्रयासों को बुरी तरह प्रभावित किया है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने प्रभावित आबादी की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए "सहायता के लिए तत्काल अनुरोधों में भारी वृद्धि" की रिपोर्ट दी है। इस मानवीय संकट के मद्देनजर, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने घोषणा की है कि इजरायली वायु सेना (आईएएफ) ने राजधानी में कई ईरानी सैन्य ठिकानों पर लक्षित हमले किए हैं। एक पोस्ट में, सैन्य अधिकारी ने कहा: "हमला किया गया: तेहरान में आईआरजीसी से संबंधित कई ईंधन भंडारण परिसरों पर।

यह अभियान, जो "आईडीएफ की खुफिया जानकारी के मार्गदर्शन में" चलाया गया था, उन विशिष्ट स्थानों को निशाना बनाया गया जिन्हें सेना ने विभिन्न सशस्त्र इकाइयों को संसाधनों के वितरण के केंद्रों के रूप में पहचाना था। आईडीएफ ने बताया कि "आईएएफ ने इन परिसरों पर हमला किया, जहां ईरानी आतंकवादी शासन ईरान में कई सैन्य इकाइयों को ईंधन वितरित करता था। इस अभियान के प्रभाव के बारे में सेना ने दावा किया कि "इस हमले से ईरानी आतंकवादी शासन के सैन्य ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा है। घोषणा के साथ एक चित्र भी जारी किया गया जिसमें तेहरान में स्थित एक "ईरानी आतंकवादी शासन की सैन्य बलों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले ईंधन भंडारण केंद्र" को दर्शाया गया था, जो ऑपरेशन के दौरान चुने गए लक्ष्यों की रणनीतिक प्रकृति को उजागर करता है। इन सैन्य हमलों के समानांतर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार (अमेरिकी स्थानीय समय) को दावा किया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान के पूरे नेतृत्व का सफाया कर दिया है और इन कार्रवाइयों को पृथ्वी के चेहरे से एक बड़े 'कैंसर' को खत्म करने जैसा बताया।

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या ईरान में एक प्राथमिक बालिका विद्यालय पर बमबारी के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका जिम्मेदार था, तो उन्होंने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और इसके बजाय स्कूल पर बमबारी के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया, जिसका कारण उन्होंने ईरानी हथियारों की अचूकता बताया।

# श्रीनगर कोर्ट का बड़ा आदेश: फारूक अब्दुल्ला समेत अन्य आरोपियों पर तय होंगे आरोप

**लोक तंत्र की आवाज़**



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) में हुए करोड़ों रुपये के कथित गबन मामले में नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की मुश्किलें बढ़ गई हैं। श्रीनगर की एक स्थानीय अदालत ने इस घोटाले में फारूक अब्दुल्ला और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप (Charges) तय करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) तबसुम ने अपने पांच पन्नों के आदेश में स्पष्ट किया कि मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च को होगी, जिसमें औपचारिक रूप से आरोप तय किए जाएंगे।

**ईडी को लगा झटका: पक्षकार बनने की मांग ठुकराई:** अदालत ने इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) को बड़ा झटका देते हुए उसकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें ईडी ने खुद को इस केस में एक पक्ष बनाने की गुहार लगाई थी। अदालत ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिस मामले की जांच और पैरवी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) कर रहा है, उसमें ईडी का कोई हस्तक्षेप नहीं बनता। मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में कहा, "तथ्यों और कानूनी मिसालों को देखते हुए, ईडी उस केस में पक्षकार नहीं बन सकती जिसकी जांच सीबीआई कर रही है और जहां सीबीआई की चार्जशीट में किसी 'शेड्यूल्ड ऑफेंस' (अनुसूचित अपराध) का जिक्र नहीं है।"

अदालत ने ईडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उसकी अर्जी को 'अस्पष्ट' करार दिया। कोर्ट ने पाया कि ईडी ने अपनी याचिका में भारतीय दंड संहिता (IPC) की उन धाराओं (411 और 414) को शामिल करने की मांग की थी, जो अब निरस्त (Repeal) हो चुकी हैं।

# रूस के बाद चीन ने बढ़ाई ट्रंप की टेंशन, ईरान को मदद

**लोक तंत्र की आवाज़**



**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा**

**नईदिल्ली।** मिडिल ईस्ट के बदलते समीकरणों के बीच चीन और ईरान के रिश्ते अब केवल व्यापार तक सीमित नही रह गए हैं. अमेरिका और इजरायल के बढ़ते दबाव को देखते हुए चीन लगातार ईरान की सैन्य क्षमता को मजबूत करने में जुटा है. चीन पिछले कई वर्षों से ईरान को मिसाइल प्रणालियों और आधुनिक ड्रोन तकनीक विकसित करने में पर्दे के पीछे से बड़ी मदद दे रहा है. इस सहयोग का सबसे बड़ा फायदा चीन को भी मिल रहा है क्योंकि ईरान इन हथियारों का इस्तेमाल सीधे वॉर जोन में कर रहा है. इससे चीन को अपने हथियारों की असली ताकत और उनकी कमियों को समझने का मौका मिल रहा है. यह रणनीतिक साझेदारी ईरान को क्षेत्र में एक बड़ी सैन्य शक्ति के रूप में खड़ा रहने का हौसला दे रही है।

**समुद्र में संयुक्त अभ्यास और रडार सिस्टम :** चीन और ईरान के बीच बढ़ता सैन्य सहयोग अब समंदर की लहरों पर भी साफ दिखाई देने लगा है. हाल के वर्षों में ईरान ने चीन और रूस के साथ मिलकर हिंद महासागर और ओमान की खाड़ी में कई बड़े नौसैनिक अभ्यास किए हैं. इन अभ्यासों के जरिए ईरान को आधुनिक युद्ध की बारीकियां सीखने और दुनिया की महाशक्तियों के साथ तालमेल बिठाने का अनुभव मिल रहा है. जून 2025 में हुए संघर्ष के बाद चीन ने ईरान को आधुनिक रडार सिस्टम, साइबर सुरक्षा उपकरण और नौसेना से जुड़ी बेहतरीन तकनीक मुहैया कराई है. यह पूरी दुनिया और खासकर अमेरिका के लिए एक सीधा संदेश है कि मुश्किल वक्त में ईरान अकेला नही है और उसे महाशक्तियों का पूरा समर्थन हासिल है।

**अंतरिक्ष से निगरानी और सैटेलाइट डेटा का खेल:** ईरान के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में भी चीनी अनुभव का बड़ा हाथ रहा है. चीन ने ईरान को रिमोट-सेंसिंग सैटेलाइट और अर्थ ऑब्जर्वेशन सिस्टम विकसित करने में तकनीकी मदद दी है. इन सैटेलाइट्स की वजह से ईरान अब अपनी सीमाओं और समुद्री मार्गों पर पहले से कहीं बेहतर तरीके से नजर रख पा रहा है. चीन के पास मौजूद हाई डेफिनेशन सैटेलाइट नेटवर्क का डेटा ईरान के लिए बहुत काम का साबित हो रहा है।

# राहुल और अखिलेश पर पुलिस की करवाई से कोर्ट आगबबूला, जज ने दिल्ली पुलिस को लगाई फटकार

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** दिल्लीकी एक अदालत ने शनिवार को दिल्ली पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई है। मामला कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहित 11 विपक्षी नेताओं से जुड़ा है। कोर्ट ने पुलिस द्वारा पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट को पूरी तरह से खारिज करते हुए नई रिपोर्ट मांगी है। मामला फरवरी 2025 में यूजीसी (UGC) ड्राफ्ट रेगुलेशन के खिलाफ जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन से संबंधित है।

**पुलिस की रिपोर्ट पर कोर्ट ने क्यों जताई नाराजगी? :** अडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अश्विनी पवार ने पुलिस की खिंचाई करते हुए कहा कि दाखिल की गई स्टेटस रिपोर्ट 'मशीनी तरीके' से तैयार की गई लगती है। कोर्ट ने साफ कहा कि पुलिस ने उन मुख्य सवालों के जवाब ही नहीं दिए जो पिछली सुनवाई में पूछे गए थे। इस मामले में राहुल गांधी, अखिलेश यादव के साथ-साथ डीएमके सांसद कनिमोझी और ए राजा जैसे दिग्गज नेताओं के खिलाफ केस दर्ज है। आरोप है कि इन नेताओं ने बिना अनुमति यूजीसी नियमों के खिलाफ प्रदर्शन किया था।

**जंतर-मंतर पर धारा 223(a) लगाने पर सवाल:** अदालत ने दिल्ली पुलिस से तीखा सवाल पूछा कि जब प्रदर्शन जंतर-मंतर जैसे तय किए गए धरना स्थल पर हुआ था, तो आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 223(a) यानी सरकारी आदेश के उल्लंघन का मामला क्यों दर्ज किया गया? जज ने टिप्पणी की कि जंतर-मंतर एक छूट वाला क्षेत्र (Exempted Area) है, जहाँ विरोध प्रदर्शन की अनुमति होती है, लेकिन पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में इस पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुजेहना में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, एआई-आईओटी लैब व पुस्तकालय का उद्घाटन



करीम खान

**गोण्डा।** विकास खण्ड मुजेहना परिसर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ए.आई., आईओटी एवं कम्प्यूटर टेसी थामस लैब तथा केजीबीवी में माँ सिद्धिदात्री पुस्तकालय का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी महोदया, ब्लॉक प्रमुख इटियाथोक तथा नगर पंचायत अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लैब और पुस्तकालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि आधुनिक तकनीक और शिक्षा के माध्यम से बेटियों को सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान विकास खण्ड मुजेहना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, छात्राएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अधिकारियों ने महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण बताया।

### नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में 2026 ,27 आय व्यय का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से हुआ पास



असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)

देवबंद नगर पालिका परिषद देवबंद की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026,,27 वार्षिक बजट सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया है बजट में 64 करोड़ 53 लाख 63 हजार रूपये की आय तथा 55 करोड़ 28 लाख 10 हजार रूपये का व्यय अनुमानित स्वीकार किया गया हे जानकारी के अनुसार ईद उल फितर त्यौहार पर तीन दिन तक सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हे। यह बैठक नगर पालिका सभागार में अध्यक्ष विपिन गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई अधिशासी अधिकारी राजपति बेस ने वित्तीय वर्ष 2026,,27 के लिए वार्षिक बजट पेश किया गया चर्चा के बाद बोर्ड में 9 करोड़ 7 लाख 53 हजार रूपये के लाभ वाले बजट को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया बैठक में कुछ सभासदों द्वारा स्टेट हाईवे 59 पर देवबंद के क्षेत्र में बनाए गए फ्लाईओवर के शुरू से आखिर तक सर्विस रोड पर लगभग 20 से 30 मी पहले लिंक रोड पर नगर देवबंद में प्रवेश करने वाले वाहनों की सुविधा के लिए सांकेतिक बोर्ड लगाएं जान की मांग की गई जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष विपिन गर्ग ने सभी सभासदों को आश्वासन दिया कि सभी प्रस्तावित कार्य कराए जाएंगे उक्त बोर्ड बैठक में शाहिद हसन, मोहम्मद वाजिद कुलदीप सैनी नाहिदा खानम अफ़्शा लियाकत सैयद हारिस नदीम चौधरी मनोज सिंघल शाहीन रिहाना बिल्किस आयशा सुधा गांधी हाजी शहजाद, अख्तर अंसारी डॉक्टर असलम सहित सभी 24 सदस्य मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिए विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

साजिद सलमानी

**सहारनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फ़ैमिली ऑफ़ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट की महिला विंग द्वारा दिल्ली रोड स्थित ब्लड सेंटर में केवल महिलाओं के लिए एक विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के प्रति प्रेरित करना और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साह के साथ पंजीकरण कराया, जिनमें से 55 महिलाओं ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया, जबकि 15 से अधिक महिलाएँ स्वास्थ्य संबंधी नियमों के कारण रक्तदान नहीं कर सकीं। शिविर का संयोजन फ़ैमिली ऑफ़ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट की महिला विंग द्वारा किया गया। अनीता शर्मा (वरिष्ठ सलाहकार, मुख्य निकाय) एवं नीरू सिंह (वरिष्ठ संरक्षक, मुख्य निकाय) ने कहा कि समाज में स्वैच्छिक रक्तदान को जनआंदोलन बनाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब महिलाएँ आगे बढ़कर रक्तदान करती हैं तो वह पूरे समाज के लिए प्रेरणा बनती हैं। पूनम कम्बोज (उपाध्यक्ष, संगठन विंग) ने कहा कि फ़ैमिली ऑफ़ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को रक्तदान से जोड़ना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए विशेष शिविर आयोजित करना इसी दिशा में एक सार्थक पहल है। सोनिया कपूर (अध्यक्ष, महिला विंग) और नंदिनी बठला (उपाध्यक्ष, महिला विंग) ने कहा कि आज की महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे समाज सेवा के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं। रक्तदान शिविर में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि नई पीढ़ी सामाजिक जिम्मेदारियों को समझ रही है।

# सीएम द्वारा इन्दिरा गांधी ऑडोटोरियम से लखनऊ से संजीव प्रसारण के माध्यम से 5000, से अधिक महिलाओं को पिंक रोज़गार का ऑफर प्रदान किया

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पिंक रोजगार महाकुंभ का सजीव प्रसारण, महिलाओं को नियुक्ति पत्र व सम्मान

लोकतंत्र की आवाज





उरई/अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ऑडिटोरियम से आयोजित पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण पहल की गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश की 5,000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के ऑफर प्रदान किए गए तथा रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्लेटफॉर्म 'रोजगार संगम पोर्टल' के मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया गया। साथ ही 94 नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, उत्कृष्ट महिला कार्मिकों एवं मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया गया तथा नारी शक्ति अवॉर्ड प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं को चेक वितरित किए गए तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बीमा प्रीमियम और साड़ी/वर्दी के लिए 3,849 लाख की धनराशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया गया। उक्त कार्यक्रम का जनपद जालौन के विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सजीव प्रसारण के माध्यम से सुना गया। इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्ति बहनों को मा० जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ० घनश्याम अनुरागी, मा० विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ० दुर्गेश कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। मा० जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ० घनश्याम अनुरागी ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। सरकार भी महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ समाज की प्रत्येक महिला तक पहुंचाना आवश्यक है। मा० विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण किसी भी विकसित समाज की पहचान है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही है। पिंक रोजगार महाकुंभ जैसे आयोजन महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपने जीवन को बेहतर बनाएं इस मौके पर सभी अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत एंटी रोमियो स्क्वायड ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



लोकतंत्र की आवाज

करीम खान

**गोण्डा, 08 मार्च।** उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जनपद में महिला एवं बालिका सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में राजपत्रित अधिकारियों और एंटी रोमियो स्क्वायड टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया।

इस दौरान गांवों, कस्बों और सार्वजनिक स्थानों पर चौपाल लगाकर स्थानीय महिलाओं और बालिकाओं से संवाद किया गया। टीमों ने महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय तथा कानून द्वारा दिए गए अधिकारों की जानकारी दी। महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं से उनकी व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और उनके आवागमन के दौरान होने वाली संभावित परेशानियों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं से फीडबैक फॉर्म भरवाकर संवेदनशील और हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाए गए मनचलों को एंटी रोमियो स्क्वायड टीम द्वारा रेड कार्ड जारी कर कड़ी चेतावनी दी गई। पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को भरोसा दिलाया कि गोण्डा पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। साथ ही उन्हें 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी भी दी गई। इसके अलावा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अज्ञात कॉल या संदेशों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव तथा सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखने की सलाह दी गई।

# सहारनपुर पुलिस का बड़ा प्रहार: दो करोड़ की स्मैक के साथ 25 हज़ारी इनामी तस्कर गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़



साजिद सलमानी

लोकतंत्र की आवाज़

**सहारनपुर।** जनपद में नशे के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना नकुड़ पुलिस ने एक सटीक सूचना के आधार पर घेराबंदी करते हुए कौशर नाम के शातिर स्मैक तस्कर को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार, कौशर पर 25 हज़ार रुपये का इनाम घोषित था। तलाशी के दौरान उसके पास से 1 किलो 27 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। इस खेप की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 2 करोड़ 5 लाख 40 हजार रुपये आंकी जा रही है।गिरफ्तारी के समय आरोपी के पास से न केवल भारी मात्रा में स्मैक मिली, बल्कि पुलिस ने दो मोबाइल फोन और 2600 रुपये की नगदी भी बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह बरेली से स्मैक की बड़ी खेप मंगवाता था और उसे छोटे-छोटे हिस्सों मे सहारनपुर व आसपास के जनपदों में ऊंचे दामों पर सप्लाई करता था। एसएसपी सहारनपुर ने टीम की पीठ थपथपाते हुए कहा है कि यह कार्रवाई ज़िले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।पुलिस अब उन कड़ियों को जोड़ने में जुटी है जिनसे कौशर बरेली में संपर्क में था।

# गोण्डा : अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न, 771 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

21

लोकतंत्र की आवाज

करीम खान



गोण्डा, उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम सिसवा, तहसील मनकापुर, जनपद गोण्डा में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। यह प्रवेश परीक्षा देवीपाटन मंडल के जनपद गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर एवं श्रावस्ती के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड-19 के दौरान निराश्रित हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के पात्र बच्चों के लिए आयोजित की गई थी। विद्यालय में कक्षा 6 के लिए कुल 160 सीटें (80 बालक एवं 80 बालिकाएं) तथा कक्षा 9 के लिए 61 सीटें (31 बालक एवं 30 बालिकाएं) निर्धारित हैं। प्रवेश के लिए ऑफलाइन व ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आयोजित परीक्षा में कक्षा 6 के लिए कुल 499 आवेदकों में से 490 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 9 अनुपस्थित रहे। वहीं कक्षा 9 के लिए कुल 281 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इस प्रकार दोनों कक्षाओं में कुल 771 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। जनपदवार आंकड़ों के अनुसार कक्षा 6 में गोण्डा से 288, बहराइच से 59, बलरामपुर से 70 तथा श्रावस्ती से 73 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। वहीं कक्षा 9 में गोण्डा से 140, बहराइच से 58, बलरामपुर से 41 तथा श्रावस्ती से 42 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के लिए जलपान, सुरक्षा तथा चिकित्सीय सहायता की समुचित व्यवस्था की गई थी। नोडल अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आलोक कुमार के निर्देशन में परीक्षा कार्यक्रम शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया गया।

# भारतीय किसान यूनियन तोमर जिला अध्यक्ष रूबी त्यागी ने चोरी गया समान जल्द बरामद करने की मांग

लोकतंत्र की आवाज



असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)

**देवबंद ।** नागल क्षेत्र के सरसीना गांव के जंगल में शुक्रवार देर रात अज्ञात चोरों ने सनसनीखेज चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दर्जनों ट्यूबवैलों को निशाना बनाकर बिजली के कीमती उपकरण चुरा लिए गए। इस घटना से किसानों में भय का माहौल है। सहारनपुर जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा, भारतीय किसान यूनियन तोमर रूबी त्यागी ने चोरी का सामान बरामद करने की जोरदार मांग की है।

चोरों ने जंगल इलाके का फायदा उठाकर रात के अंधेरे में ट्यूबवैलों पर सेंधमारी की। केबल, स्टार्टर, कटआउट जैसे महंगे उपकरण चुरा लिए, जिनकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। पीड़ित किसान सुनील (ओमचंद पुत्र), सतीश (बीरबल पुत्र), सोनू (इसमपाल पुत्र), नीटू (चंद्रभान पुत्र) और पवन (बीरम पुत्र) ने बताया कि शनिवार सुबह खेतों पर पहुंचे तो ट्यूबवैलों का हाल देखकर सन्न रह गए। इन किसानों को फसल की सिंचाई के लिए अब नया सामान खरीदना पड़ेगा, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ गया है। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो किसानों की कमर तोड़ रही हैं। इस चोरी से सरसीना के ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। सभी किसान अब रात में खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। रूबी त्यागी ने सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। भारतीय किसान यूनियन तोमर ने चोरों के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है और पुलिस से तत्काल खुलासे की अपेक्षा जताई। यूनियन का कहना है कि ऐसी घटनाओं से किसानों का भविष्य खतरे में है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। फिंगरप्रिंट और सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू की गई है। पुलिस अधिकारी ने आश्वासन दिया कि चोरों को जल्द गिरोहबाज बनाकर पकड़ा जाएगा और चोरी का सामान बरामद किया जाएगा।

# हरदोई : किराए पर ऑटो चलाने वाले ड्राइवर को 38.5 करोड़ का नोटिस, देखते ही परिवार के उड़े होश

लोकतंत्र की आवाज



शिवम गुप्ता ब्यूरोचीफ

**हरदोई।** दिल्ली में किराए पर ऑटो चलाकर किसी तरह परिवार का गुजारा करने वाले एक व्यक्ति को आयकर विभाग की ओर से 38.5 करोड़ रुपये के लेनदेन का नोटिस मिलने के बाद उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर इस परिवार के लिए यह नोटिस किसी बड़े सदमे से कम नहीं है।अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम कुकुरा गंजहा खेड़ा निवासी 52 वर्षीय रामपाल ने बताया कि उनके पास गांव में मात्र एक बीघा कच्ची जमीन है। दिल्ली में वह किराए पर ऑटो चलाकर रोजी-रोटी चलाते हैं, जबकि उनकी पत्नी घरों में झाड़ू-पोंछा का काम करती हैं।रामपाल के मुताबिक घर की हालत यह है कि छत पर तिरपाल पड़ा हुआ है और परिवार बड़ी मुश्किल से गुजर-बसर कर रहा है। हाल ही में गांव के टेलर रजनीश के पते पर डाकिया दो बार आयकर विभाग की नोटिस देकर गया। नोटिस देखकर रामपाल के होश उड़ गए।जब उन्होंने वकील के माध्यम से जानकारी कराई तो पता चला कि उनके पैन कार्ड के जरिए करीब 38.5 करोड़ रुपये का लेनदेन कई कंपनियों से दिखाया गया है और उसका आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया गया है।रामपाल का कहना है कि उन्होंने जीवन में कभी एक लाख रुपये भी एक साथ नहीं देखे हैं। ऐसे में करोड़ों रुपये के लेनदेन की जानकारी सुनकर वह पूरी तरह घबरा गए हैं। अब वह पैन कार्ड से संबंधित जानकारी निकलवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। तीन वर्ष पहले छीने गए मोबाइल से निकाले गए दस्तावेजः-भरावन में रामपाल के अनुसार करीब तीन वर्ष पहले दिल्ली के सेक्टर-17 में वह सड़क किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे थे और मोबाइल पर बात कर रहे थे, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उनका मोबाइल छीन लिया। मोबाइल में उनके पैन कार्ड, आधार कार्ड और बैंक पासबुक सहित कई जरूरी दस्तावेजों की फोटो मौजूद थी।अब आशंका जताई जा रही है कि उन्हीं दस्तावेजों की जानकारी का इस्तेमाल कर किसी ने रामपाल के पैन कार्ड के माध्यम से विभिन्न कंपनियों में बड़े पैमाने पर लेनदेन दिखाया आयकर विभाग ने इस संबंध में पहली नोटिस जारी कर 38.5 करोड़ रुपये के लेनदेन का आयकर रिटर्न दाखिल करने को कहा। इसके बाद दूसरी नोटिस में विभाग ने नरेश कुमार नामक व्यक्ति के बारे में जानकारी मांगी, जिसके नाम से यह लेनदेन हुआ है। रामपाल का कहना है कि वह नरेश कुमार को पहचानते तक नहीं हैं।

# जालौन के चमारी गांव में 'माता प्रसाद पुस्तकालय' का शुभारंभ: कैलाश सत्यार्थी ने कहा- यह पुस्तकालय केवल एक भवन नहीं बल्कि ज्ञान की चिंगारी है

लोकतंत्र की आवाज़

**उरई जालौन।** रविवार को ज्ञान और शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में 'माता प्रसाद पुस्तकालय' का भव्य शुभारंभकिया गया। इस अवसर पर बृजेश पाठक, कैलाश सत्यार्थी, हरिवंश नारायण सिंह, कुमार विश्वास, सोनाली बेंद्रे, जाकिर खान और डॉ. विकास दिव्यकीर्ति सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। वहीं कार्यक्रम में वक्ताओं ने गांव में पुस्तकालय की स्थापना को शिक्षा और सामाजिक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम कालपी तहसील के ग्राम चमारी में आयोजित किया गया। कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि यह पुस्तकालय केवल एक भवन नहीं बल्कि ज्ञान की चिंगारी है, जो पूरे बुंदेलखंड ही नहीं बल्कि देश-दुनिया में फैल सकती है। उन्होंने कहा कि यदि बुंदेलखंड में ऐसे 100 पुस्तकालय बनते हैं तो यह एक बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है। उन्होंने बाल श्रम को समाज की बड़ी बुराइयों में से एक बताते हुए कहा कि जब तक एक भी बच्चा मजदूरी करने को मजबूर है, तब तक विकास अधूरा है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि शहरों के बाद अब गांवों में भी पुस्तकालय खुलने चाहिए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा आईएएस परीक्षा और आईपीएस परीक्षा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय बुंदेलखंड के युवाओं में नई चेतना जगाने का काम करेगा। कुमार विश्वास ने कहा कि आज का युवा तेजी से अपनी सांस्कृतिक जड़ों और आध्यात्मिक मूल्यों की ओर लौट रहा है। उनके अनुसार पुस्तकें कल्पना, चेतना और विचारों की दुनिया बनाती हैं, जो डिजिटल माध्यम पूरी तरह नहीं कर सकता। ऐसे समय में गांव में पुस्तकालय की स्थापना एक बड़ी सांस्कृतिक पहल है।



सोनाली बेंद्रे ने कहा कि किताबें और कहानियां शिक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि जहां स्कूल और अन्य संस्थान बनने में समय लगता है, वहीं पुस्तकालय किसी भी पीढ़ी के लिए ज्ञान का द्वार खोल देते हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 50 लड़कियों को अपनाने की पहल को उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि भारत का संविधान संवाद और सहमति की भावना से बना है और आज भी देश को आगे बढ़ाने के लिए उसी लोकतांत्रिक भावना की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक युवा पत्रकार द्वारा गांव में पुस्तकालय की पहल करना समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। जाकिर खान ने कहा कि आमतौर पर लोगों को रेस्टोरेंट या मनोरंजन कार्यक्रमों में बुलाया जाता है, लेकिन पुस्तकालय के उद्घाटन में बुलाया जाना गर्व की बात है। उन्होंने इस पहल को समाज में सकारात्मक बदलाव का संकेत बताया। डॉ.विकास दिव्यकीर्ति ने कहा कि वह यहां पुस्तकालय का मॉडल देखने आए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था में सैकड़ों छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में पुस्तकालय जैसे संसाधनों को मजबूत करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर क्षेत्र के युवाओं और ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला। वक्ताओं ने उम्मीद जताई कि 'माता प्रसाद पुस्तकालय' आने वाले समय में बुंदेलखंड में शिक्षा और ज्ञान के नए आंदोलन की शुरुआत करेगा। कार्यक्रम का आयोजन सौरभ द्विवेदी और इन्फो पार्क के डायरेक्टर अभय द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आशीष पटेल, प्रशांत सिंह, प्रतीक सिंह और अवनीश सागा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गोण्डा : दहेज हत्या के मामले में पति गिरफ्तार, कर्नलगंज पुलिस की कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज

करीम खान

**गोण्डा,** जनपद के थाना कर्नलगंज पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को उसके गांव से पकड़कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज अभिषेक दवाच्याँ के नेतृत्व में थाना कर्नलगंज पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार ग्राम टेपरा गद्दोपुर निवासी राजकुमारी ने 6 मार्च को थाना कर्नलगंज में तहरीर देकर आरोप लगाया



था कि उसकी पुत्री की शादी करीब चार वर्ष पूर्व अवदानपुरवा, मौजा कचनापुर निवासी बाबादीन कश्यप के साथ हुई थी। शादी के दो वर्ष बाद से ही पति व ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसकी पुत्री को प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि 6 मार्च को दहेज की मांग पूरी न होने पर पति और उसके परिजनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। पीड़िता की मां की तहरीर पर थाना कर्नलगंज में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी पति बाबादीन कश्यप निवासी अवदानपुरवा, मौजा कचनापुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मिर्जा वहीद बेग, हेड कांस्टेबल कमलेश वर्मा, कांस्टेबल माधव मुरारी मिश्रा तथा महिला कांस्टेबल मिती सिंह शामिल रहीं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### परिभ्रमण पर राजगीर-नालंदा गए विद्यालय के बच्चे



लोकतंत्र की आवाज
रामजी कुमार
पूसा (समस्तीपुर)। प्रखंड क्षेत्र के रा.उ.म. विद्यालय कन्या विष्णुपुर बथुआ के छात्र-छात्रा एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं रविवार को मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए नालंदा होते हुए राजगीर के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिन्देश्वर साह ने की। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष शंकर मल्लिक एवं अभिभावक शत्रुघ्न पोद्दार ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने सर्वप्रथम नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर का अवलोकन कर इसके ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने राजगीर पहुंचकर विश्व शांति स्तूप, जरासंध का अखाड़ा तथा स्वर्ण भंडार गुफा का भ्रमण किया और वहां के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस परिभ्रमण में कक्षा 6 से 8 तक के लगभग 50 छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षिका कल्पना कुमारी, शालिनी, सपना, कुमारी कंचन एवं नीलम कुमारी शामिल रहीं। शैक्षणिक यात्रा को लेकर छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया।

### जन संघर्ष पदयात्रा जारी



लोकतंत्र की आवाज
विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखण्ड अंतर्गत सीपीएम का जन संघर्ष पद यात्रा जारी है। जो यात्रा रविवार को बोरिया से चलकर मोहनपुर, बिशनपुर, सलखन्नी होते हुए सिंघिया घाट बाजार सिवान चौक होते हुए बेलसंडी तारा पहुंचा। वहीं सलखन्नी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) द्वारा महिला दिवस कार्यक्रम किया गया। जहां जनवादी संस्कृतिक मोर्चा की टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पर प्रस्तुत किया गया। महिला शक्ति की मजबूती पर जोर देते हुए राज्य सचिव नीलम देवी ने कही कि महिलाओं के मान सम्मान के साथ खिलवाड हर रोज हो रहा है। बलात्कार,गैंग रेप करके हत्या की घटना हर रोज कहीं ना कहीं घटती है।लेकिन राज्य सरकार इस पर लगाम लगाने में विफल रही है! कार्यक्रम के दौरान सिंघिया घाट बाजार,सिवान चौक पर सभा आयोजित की गई। सभा को सीपीआईएम केंद्रीय कमेटी सदस्य कॉ.अवधेश कुमार विभूतिपुर के विधायक कॉ. अजय कुमार,नीलम देवी,शांति सिंह,संगीता राय,सुलेखा कुमारी,किरण कमल,मीना देवी ,सुनीता देवी, निशा कुमारी, सीपीएम जिला सचिव मंडल सदस्य महेश कुमार,लोकल मंत्री श्याम किशोर कमल,सिया प्रसाद यादव,शंभू यादव, रामज्ञान महतो,मयंक आजाद, बबलू कुमार,संतोष कुमार सिंटू, अवनीश कुमार,जितेंद्र प्रसाद सिंह,चंद्र भूषण,चंदन कुमार, अजय कुमार आदि ने संबोधित किया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत प्रगति मैदान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ पुरुषोत्तम शर्मा ने किया।जिसमें शादीपुर और किसानिचक के बैच फाइनल मुकाबला खेला गया।जिसमें टॉस जीतकर शादीपुर ने कोर्ट लेने का फैसला लिया। किसनिचक को रेड करने के लिए आमंत्रित किया। जिसमें शादीपुर ने 17 और किसनिचक ने 16 अंक अर्जित किए। वैसे तो किसनिचक की की टीम अंत तक संघर्ष किया।दिल किशनिचक ने जीता।शादीपुर की टीम एक अंक विजेता रही। कार्यक्रम ने पुरस्कार वितरण का कार्य पुरुषोत्तम कुमार, सर्वोत्तम कुमार शर्मा ने किए। पुरस्कार स्वरूप मेडल प्रदान किया गया।निर्णायक की भूमिका में अंकज मंडल,शालू कुमारी रही स्कोरर का कार्य स्वीटी ने की।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को दी गई कानूनी अधिकार और सरकारी योजनाओं की जानकारी

**नारी अब अबला नहीं, बल्कि सशक्त और जागरूक शक्ति – प्रखंडों व पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**





लोक तंत्र की आवाज

**साहिबगंज**। झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, साहेबगंज श्री अखिल कुमार के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि पारा लीगल वॉलिंटियर्स - न्याय मित्रों द्वारा गांव-गांव में जाकर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा से संबंधित कानूनों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि नारी अब अबला नहीं, बल्कि सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर शक्ति है, जो अपने अधिकारों को जानकर समाज और परिवार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध कानून, बाल विवाह निषेध अधिनियम, संपत्ति में महिलाओं के अधिकार, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सुरक्षा तथा निःशुल्क विधिक सहायता की सुविधा के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही पीड़ित महिलाओं को मिलने वाले मुआवजा, सहायता एवं न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

इसके अतिरिक्त महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साहेबगंज के कार्यालय का संपर्क नंबर 9471521725 भी साझा किया गया, ताकि जरूरतमंद लोग सीधे संपर्क कर सकें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, स्थानीय लोग एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, सरकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना था।

डालसा ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# कोसी नदी में नहाने के दौरान तीन बच्चों की डूबने से मौत



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया**। बिहपुर प्रखंड के कोसी नदी घाट पर रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया, जहां नहाने के दौरान तीन किशोरों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार हरियो पंचायत के महेशपुर गांव के पांच दोस्त खेत देखने के बहाने घर से निकले थे। खेत के पास ही स्थित कोसी नदी घाट पर सभी नहाने के लिए उतर गए। इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से तीन बच्चे डूब गए, जबकि दो अन्य किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए और सुरक्षित बच गए।

मृतकों की पहचान महेशपुर गांव निवासी कैप्टन यादव के 13 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण कुमार यादव, पिंटू यादव के 12 वर्षीय पुत्र युवराज कुमार और शंकर शर्मा के 10 वर्षीय पुत्र नयन कुमार (वार्ड संख्या 13) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों बच्चे पढ़ाई करते थे। और रविवार होने के कारण स्कूल की छुट्टी थी।

घटना की जानकारी सुरक्षित बचे दोनों बच्चों ने आसपास के लोगों और परिजनों को दी। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। प्रखंड स्तर के आपदा मित्रों द्वारा काफी देर तक स्थानीय स्तर पर खोजबीन की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली।घटना की सूचना मिलने पर जिला परिषद प्रतिनिधि चंदन भारद्वाज ने अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को दूरभाष पर जानकारी दी। इसके बाद जिला से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। कुछ घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने तीनों बच्चों के शव को नदी से बाहर निकाला।

मौके पर नदी थाना पुलिस भी पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। घटना स्थल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सतनारायण पंडित, जिला परिषद प्रतिनिधि चंदन भारद्वाज, भाजपा नेता रूपेश कुमार रूप, सरपंच राजकिशोर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।बताया जाता है कि तीनों बच्चों के परिवार मजदूरी कर अपना जीवनयापन करते हैं। लक्ष्मण कुमार यादव के पिता कैप्टन यादव बाहर प्रदेश में मजदूरी करते हैं। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

# समाजसेवियों की बैठक संपन्न



लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर**। शहर के धरमपुर स्थित एक निजी होटल में समाजसेवियों की एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने की।

संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में समस्तीपुर जिला के छात्रों की शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त कर बधाई दिया गया। पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने भोला टॉकीज गुमटी पर जारी निर्माण कार्य में तेजी लाने, मुक्तापुर गुमटी पर पुल निर्माण कार्य को प्रारंभ करने,दुधपुरा में हवाई अड्डा बनाने,समस्तीपुर में बंद चीनी मिल को फिर से चालू करने की मांग की।

वहीं रेल विस्तार विकास मंच तथा समस्तीपुर विकास मोर्चा के द्वारा जनहित से जुड़े हुए मुद्दों को लेकर भविष्य में होने वाले आंदोलन को समर्थन एवं सहयोग देने का निर्णय भी लिया गया।

# समस्तीपुर कलेक्ट्रेट में महिला दिवस पर नारी शक्ति का सम्मान



लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर**। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को समाहरणालय सभागार, समस्तीपुर में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर शिक्षा, समाज सेवा, कला एवं प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में जिलाधिकारी ने अपने हाथों से प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनकी प्रगति से ही समाज व जिले का समग्र विकास संभव है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा और आत्मनिर्भरता को आवश्यक बताया।

कार्यक्रम के दौरान समाहरणालय परिसर में आईसीडीएस, कला संस्कृति विभाग एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से बनाई गई संदेशपरक रंगोलियों का जिलाधिकारी ने अवलोकन किया और महिला सशक्तिकरण के संदेश को कला के माध्यम से प्रस्तुत करने के प्रयास की सराहना की।

महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसकी शुरुआत जिलाधिकारी ने हस्ताक्षर कर की। उन्होंने उपस्थित लोगों से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ जिलाधिकारी ने समाहरणालय परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नारी जीवन का सृजन करती है, उसी प्रकार प्रकृति भी हमारे अस्तित्व का आधार है, इसलिए दोनों का संरक्षण आवश्यक है।

समारोह में उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी सुनीता तथा कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, सम्मानित महिलाएं, छात्राएं, मीडियाकर्मी और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ किया गया।

# महिलाओं को सशक्त बनाकर समाज को सशक्त बनाना ही "GIVE TO GAIN" का उद्देश्य : उप विकास आयुक्त



लोक तंत्र की आवाज

**साहिबगंज**। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ज़िला प्रशासन साहिबगंज एवं पलाश (JSLPS) के संयुक्त तत्वावधान में "GIVE TO GAIN" थीम पर सिद्धू-कान्हु सभागार, साहिबगंज में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की दीदियाँ, अधिकारीगण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को अवसर, संसाधन और सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आजीविका, उद्यमिता और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही समाज का समग्र विकास संभव है। उन्होंने आगे कहा कि "GIVE TO GAIN" की भावना यह दर्शाती है कि जब हम समाज और समुदाय को सशक्त बनाने के लिए योगदान देते हैं, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे समाज के विकास में दिखाई देता है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इस विचार को धरातल पर उतारते हुए आर्थिक सशक्तिकरण और सामुदायिक नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन तथा सामुदायिक नेतृत्व को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने तथा महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास करने की बात कही।

इस अवसर पर ज़िला कृषि पदाधिकारी, ज़िला उद्यान पदाधिकारी, ज़िला कार्यपालक अभियंता (पीएचईडी), ज़िला बाल संरक्षण पदाधिकारी तथा ज़िला कार्यक्रम प्रबंधक श्री मतिन तारिक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडर एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वयं सहायता समूह की दीदियों की उपलब्धियों को साझा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का समापन महिलाओं की उपलब्धियों के सम्मान और उनके सशक्त भविष्य के संकल्प के साथ किया गया।

# समस्तीपुर : महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को किया गया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर**। शहर के मोहनपुर रोड (एम्पीयर इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम) में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आधा दर्जन महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सह एम्पीयर इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के प्रबंधक हरेंद्र कुमार तथा संचालन एमरान बैटरी के वितरक राय सोनी सिंह ने किया।

जिस अवसर पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हम पूरे इतिहास में महिलाओं की शक्ति और नेतृत्व को सलाम करते हैं। नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। वह जीवनदायिनी है,प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति,ममता और त्याग का स्वरूप माना गया है। हमारे शास्त्रों में नारी की महिला का गुणगान उल्लेखित है। शास्त्रों में कहा भी गया है, "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः" अर्थात जहां पर नारी का सम्मान होता है,वहां देवताओं का वास होता है इसलिए हम सभी को हमारे जीवन में नारी का सम्मान जरूर करना चाहिए। समान अवसरों और प्रगति के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध होने की जरूरत है। आइए हम सब मिलकर एक ऐसा भविष्य बनाएं जहां हर महिला सम्मान और स्वतंत्रता के साथ आगे बढ़े।

मौके पर समाजसेवी हरेंद्र कुमार,एमरोन बैटरी के वितरक राय सोनी सिंह,दिवाकर कुमार,मनीषा कुमारी,रानी झा,संध्या कुमारी, पूजा कुमारी गुप्ता,संजय साह, विकास कुमार,मो.सज्जाद, रौनक साह,संदीप सरकार, प्रवीण कुमार,रंजीत कुमार आदि मौजूद थे।

# उत्तरी पंचायत में शतचंडी महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण, 23 से 27 मार्च तक आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर**। मोरवा प्रखंड के मोरवा उत्तरी पंचायत अंतर्गत काली स्थान मोरवा डीह में आगामी शतचंडी महायज्ञ को लेकर रविवार को ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण और देव पूजन के साथ विधिवत ध्वजारोहण कर महायज्ञ की शुरुआत की गई।

आयोजन समिति के अनुसार 23 मार्च से 27 मार्च तक भगवती शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ के दौरान दुर्गा सप्तशती का पाठ, जगदंबा मंत्र का जाप सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। यज्ञ का संचालन मुख्य पंडित विजय कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा मुख्य यजमान मनोज कुमार झा के नेतृत्व में किया जाएगा। महायज्ञ के सफल संचालन के लिए यज्ञ समिति का गठन किया गया है। इसमें धीरेंद्र झा को अध्यक्ष, श्याम बाबू मिश्र को सचिव तथा ऋषिकेश झा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं समिति के प्रमुख सदस्यों में राजेश रोशन झा, नागेंद्र झा, उपेंद्र झा, संजय झा, कृष्ण कन्हैया मिश्र, अनमोल झा, सरोज मिश्र, नवीन झा, प्रभाष झा, अनिल शाह, रोशन शाह, सतीश चंद्र झा, नवल किशोर झा, सुनील झा, अजीत झा, रौशन झा, उमेश झा, रामबाबू झा एवं पंचायत के मुखिया अरमान अली सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

# अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी सूरज कुमार को बिहपुर में सम्मान, विधायक इ. शैलेंद्र ने किया अभिनंदन



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया**। इंडोनेशिया के बाली में आयोजित भारत-इंडोनेशिया अंतरराष्ट्रीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करने वाले बिहपुर प्रखंड के विक्रमपुर वार्ड नंबर चार निवासी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सूरज कुमार का सम्मान लगातार जारी है। रविवार को बिहपुर स्थित एनडीए कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर शैलेंद्र ने सूरज कुमार को बुके और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।बताया गया कि विक्रमपुर निवासी पंकज पासवान और गुड़िया देवी के पुत्र सूरज कुमार भारतीय सीनियर बाल बैडमिंटन टीम के खिलाड़ी हैं। बीते माह 14 से 19 फरवरी तक इंडोनेशिया के बाली शहर में भारत-इंडोनेशिया अंतरराष्ट्रीय बाल बैडमिंटन सीनियर एवं अंडर-21 आयु वर्ग की श्रृंखला आयोजित हुई थी, जिसमें भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों श्रृंखलाओं पर कब्जा जमाया था।इस उपलब्धि पर विधायक इ. शैलेंद्र ने सूरज कुमार को सम्मानित करते हुए कहा कि बिहपुर क्षेत्र के खिलाड़ी न केवल बिहार बल्कि पूरे देश का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि बिहपुर विधानसभा की भूमि शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी काफी उर्वर रही है और यहां के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

मौके पर नवगछिया पुलिस जिला बाल बैडमिंटन संघ के सचिव ज्ञानदेव कुमार ने कहा कि जिस तरह सोनवर्षा गांव वॉलीबॉल के लिए प्रसिद्ध है, उसी तरह बिहपुर क्षेत्र पूर्वी बिहार में बाल बैडमिंटन की नर्सरी के रूप में पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि सूरज कुमार से पहले भी इस क्षेत्र के कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर चुके हैं।उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में पटना में आयोजित चार देशीय प्रतियोगिता में नेपाल, श्रीलंका और भूटान को हराकर चैंपियन बनी भारतीय टीम में नवगछिया की प्रज्ञा भारती शामिल थीं। वहीं वर्ष 2019 में मोतिहारी में आयोजित प्रतियोगिता में इंडोनेशिया को 3-0 से हराने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ी अंकित कुमार शर्मा तथा इसी वर्ष नेपाल में आयोजित टेस्ट श्रृंखला में नेपाल को 3-0 से पराजित करने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ी राहुल कुमार भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं।

सम्मान समारोह के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। सभी ने सूरज कुमार की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें ।

### केसरियाः कैंसर रोग से पीड़ित व्यक्ति को हर संभव मदद करेगा, श्री शनिदेव अनपूर्णा रसोई



**केसरिया - संवाददाता प्रिंस कुमार**
श्री शनिदेव अनपूर्णा रसोई भंडारा के द्वारा केसरिया प्रखंड के सुन्दरापुर निवासी राजबली ठाकुर को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। बताया जाता है कि राजबली ठाकुर कैंसर रोग से पीड़ित हैं। इस समय वें बहुत ही लाचार हैं। श्री शनिदेव अन्नपूर्णा रसोई भंडारा संस्था के अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता के निर्देश पर संस्था के सचिव अखिलेश कुमार ने उनके घर पर जाकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया। संस्था के अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता ने फोन पर राजबली ठाकुर को आश्वासन दिया कि संस्था उनके साथ है और हर संभव मदद करेगी। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक पं. मनीष पाठक, रामकुमार गिरी, राज कुमार गुप्ता कुमोद कुशवाहा, सोनू सिंह मठिया, अजय कुशवाहा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं संस्था के सचिव अखिलेश कुमार ने प्रेस को बताया कि संस्था का उद्देश्य पीड़ित लोगों की मदद करना है और वे आगे भी इस तरह के कार्य को करते रहेंगे।

### गढ़हिया पुलिस ने दो गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार



ब्यूरो चीफ मोतिहारी
मोतिहारी गढ़हिया बाजार थाना पुलिस ने सूखा नशा के खिलाफ की कार्रवाई। गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने डॉग स्क्वॉड की मदद से दो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर 272 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया है। वहीं ग्राम सिरौली बाजार की एक गुमटी से 19 ग्राम गांजा के साथ भोला राम (पिता सीताराम राम) को गिरफ्तार किया गया है। ग्राम गढ़हिया में रोजा अंसारी के टाट फूस के घर से 253 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। साथ ही मौके से रोजा अंसारी (पिता स्व.खलील अंसारी) को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पूर्वी चंपारण जिले के गढ़हिया बाजार थाना क्षेत्र के निवासी हैं। वहीं पुलिस अग्रेतर कारवाई करने में जुट गई हैं।

### तुरकौलियाः पेट्रोल, डीजल न मिलने की अफवाह में पेट्रोल पंप पर उमड़ी भीड़



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**मोतिहारी**: तुरकौलिया. अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच युद्ध चल रहा है. जिसको लेकर इधर तुरकौलिया में तेल नही मिलने की अफवाह उड़ रही है। यह अफवाह बेलवाराय पंचायत में उड़ी। जिसके बाद हजारों ग्रामीण नरियरवा पेट्रोल पंप पर तेल लेने के लिए पहूंच गए. फिर क्या था इतनी भीड़ देखकर कर्मियों के पसीने छूट गए. तेल लेने के लिए होड़ लग गई. लाइन में खड़े उसी पंचायत के व्यक्ति ने बताया कि तेल खत्म होने वाला है. युद्ध चल रहा है. युद्ध के कारण तेल कुछ दिन बाद से नही मिलेगा. वही कुछ ने कहा तेल की कीमत भी बढ़ने वाली है. जिसके बाद वे लोग पेट्रोल लेने आये है. ग्रामीण इलाका होने के कारण लोग बोतल और गैलन में तेल ले रहे थे. वही बाइक से आये लोग टंकी फूल करा रहे थे. हालांकि पेट्रोल पंप मालिक ने लोगों को समझाया कि तेल की कमी नही है. सरकार व्यवस्था कर चुकी है. कही से तेल न मिलने की बात नही है. लेकिन लोग मानने को तैयार नही थे. उनका कहना था कि बिना पेट्रोल के गाड़ी कैसे चलेगी. गाड़ी नही चलने से कई काम बाधित हो जायेगी. पेट्रोल पंप मालिक ने बताया कि यह अफवाह फैलाने से रात में भी लोग पेट्रोल पंप पर आकर सिफारिश कर रहे है कि तेल खत्म होने वाला है इसीलिए हमे तेल दे दीजिए. इस अफवाह के बीच पेट्रोल पंप का सेल चार गुना बढ़ गया है। वहीं सीओ संतोष कुमार ने लोगों से अपील किया कि किसी भी अफवाह में न पड़े. तेल की कमी नहीं होगी।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जीविका दीदियों का सम्मान, 57 संकुल संघों में उत्साहपूर्ण कार्यक्रम

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पश्चिम चंपारण जिले में जीविका के सभी 57 संकुल स्तरीय संघों में उत्साह और उमंग के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता को लेकर कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाली जीविका दीदियों को सम्मानित भी किया गया। बेतिया सदर प्रखंड के गनौली स्थित हिम्मत जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ में आयोजित कार्यक्रम में जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक आर.के. निखिल ने महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ''जहाँ महिलाओं का सम्मान किया जाता है, वहाँ देवता निवास करते हैं।'' उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में महिलाओं को विशेष सम्मान दिया गया है और उनका समर्पण ही समाज के सही विकास और निर्माण की नींव है। उन्होंने कहा कि लड़का और लड़की के पालन-पोषण में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। एक शिक्षित महिला पूरे परिवार को शिक्षित कर सही दिशा में मार्गदर्शन देती है। उन्होंने जीविका दीदियों की सराहना करते हुए कहा कि सामुदायिक संगठनों के माध्यम से वे लिंग आधारित भेदभाव, बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चला रही हैं। उन्होंने महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता/रोजगार योजना का लाभ उठाकर नए रोजगार शुरू करने तथा पुराने व्यवसाय को आगे बढ़ाने की सलाह दी। साथ ही सामूहिक रूप से पूंजी निवेश कर बड़े स्तर पर रोजगार शुरू करने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान हिम्मत संकुल संघ की रेणु देवी ने अपनी संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं सहायता समूह से 20 हजार रुपये का ऋण लेकर डेयरी व्यवसाय शुरू किया था। आज उनके पास दूध और दूध से बने उत्पादों की अपनी दुकान है, जिससे उनके परिवार की मासिक आय एक से सवा लाख रुपये तक पहुँच गई है। इस अवसर पर महिलाओं से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही मेहंदी प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। सफल प्रतिभागियों और परियोजना के लिए बेहतर कार्य करने वाली दीदियों को सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व जिला प्रशासन द्वारा समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में रामनगर की प्रखंड परियोजना प्रबंधक रत्ना प्रिया तथा चनपटिया प्रखंड की सामुदायिक समन्वयक रिंकी कुमारी को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने न केवल महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश दिया, बल्कि समाज में समानता और जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## रंगदारी व गलत चालान मामले में पूर्व डीटीओ किशोर कुमार को सशर्त जमानत



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बगहा में रंगदारी मांगने और गलत तरीके से चालान करने के आरोप से जुड़े एक मामले में पूर्व जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) किशोर कुमार को अदालत से सशर्त जमानत मिल गई है। बगहा एसडीजेएम कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने आदेश दिया है कि मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी को प्रत्येक निर्धारित तिथि पर अदालत में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। यह मामला बगहा के मंगलपुर औशानी निवासी मनोज सिंह द्वारा दायर परिवाद से संबंधित है। परिवाद में मनोज सिंह ने आरोप लगाया था कि परिवहन विभाग की कार्रवाई के दौरान पूर्व डीटीओ किशोर कुमार ने उन पर अनावश्यक दबाव बनाया और रंगदारी की मांग की। इसके अलावा उनके वाहन का गलत तरीके से चालान किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय में दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्क प्रस्तुत किए। शिकायतकर्ता पक्ष ने आरोपों को सही बताते हुए कार्रवाई की मांग की। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता इंद्रभूषण पाण्डेय और अभिषेक कुमार ने दलील दी कि उनके मुवक्किल पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं और उन्हें गलत तरीके से फंसाया गया है। दोनों पक्षों की दलीलों और उपलब्ध तथ्यों पर विचार करने के बाद एसडीजेएम कोर्ट ने पूर्व डीटीओ किशोर कुमार को सशर्त जमानत प्रदान कर दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि आरोपी को मामले की सुनवाई के दौरान हर निर्धारित तिथि पर न्यायालय में उपस्थित रहना होगा। बचाव पक्ष के अधिवक्ता इंद्रभूषण पाण्डेय और अभिषेक कुमार ने बताया कि न्यायालय ने मामले के तथ्यों और प्रस्तुत दलीलों पर विचार करने के बाद जमानत दी है। मामले की अगली सुनवाई निर्धारित तिथि पर की जाएगी।

## जयबजरंग थाना क्षेत्र में शराब तस्करी पर पुलिस ने की कार्रवाई



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण**। जयबजरंग थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 26 वर्षीय अंकुश राम (पिता रामविनय राम, निवासीः परसौनी दुबे वार्ड-4, थाना- राजेपुर (साहेबगंज), जिला- मुजफ्फरपुर) को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही आरोपी के पास से एक होंडा साइन बाइक और उसके कब्जे से 30 लीटर देशी चुलाई शराब जब्त की गई। थानाध्यक्ष अफजल रजा ने बताया पुलिस आरोपी के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर माननीय न्यायालय भेजने के प्रक्रिया में जुटी गई है। वहीं पुलिस ने कहा कि शराब तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एसएसबी 65वीं वाहिनी का कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण व फिटनेस का दिया संदेश

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बेतिया, 08 मार्च**। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 65वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कमांडेंट एन. एस. मेहरा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समाज में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बगहा की एसडीएम श्रीमती चांदनी कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर नगर परिषद बगहा की उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मि रंजन, सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती नम्रिता जायसवाल, विद्यालय के शिक्षकगण, मीडिया कर्मी, संदीक्षा सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत फिट इंडिया अभियान के तहत ''फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज'' स्लोगन के साथ की गई। इस दौरान 65वीं वाहिनी के अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी, संदीक्षा सदस्य, छात्राएं, वाहिनी के जवान तथा बिहार पुलिस के नव प्रशिक्षुओं ने जुम्बा डांस के माध्यम से फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि समेत अन्य वक्ताओं ने महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समाज के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार रखे। कमांडेंट एन. एस. मेहरा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं समाज की प्रगति की आधारशिला हैं। उनके सशक्त होने से ही परिवार, समाज और राष्ट्र मजबूत बनता है। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, आत्मविश्वास और स्वावलंबन के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ समाज में उनके अधिकार, सम्मान और समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बसरा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा नारी सशक्तिकरण एवं युवा विकास के लिए जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण**। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी सशक्तिकरण एवं युवा महिला विकास के लिए प्रतिबद्ध है बसरा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी। इसकी जानकारी देते हुए बसरा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक व केसरिया के पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० परमेश्वर ओझा ने कहा कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बसरा शुक्ल मिडिल स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उर्वशी कुमारी सीडीपीओ सरैया ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन सहित हर क्षेत्र में सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। एवं समाज के विकास में उनकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। वहीं सोसाइटी के संस्थापक डॉ० परमेश्वर ओझा ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा, जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता के माध्यम से सशक्त बनाना ही समय की आवश्यकता है। जिससे समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम् भूमिका निभा सकें। इस कार्यक्रम के अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट समाजिक योगदान के लिए शॉल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएचओ मधु कुमारी, सिंपल राज, अशोक सिंह, परितोष कुमार एवं दीपक कुमार उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन वर्षा चौधरी द्वारा किया गया। साथ ही धन्यवाद ज्ञापन डॉ अभिषेक कुमार ने किया।

## रील बनाने की सनक में सरकारी कार्यालयों में जाकर उदंडता करना युवक को पड़ा महंगा, गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**मोतिहारी**। सूबे में इन दिनों रील बनाकर जल्द से जल्द प्रसिद्धि या पैसा कमाने की आकांक्षा युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है। टीआरपी बटोरने का साथ व्यूअर बढ़ाने के लिए वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा कि वे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरपयोग कर रहे हैं। और इसके लिए उन्हें जेल भी हो सकती है। ऐसा ही एक मामला हरसिद्धि के पानापुर धनखरैया निवासी अभिषेक कुमार के साथ है, जो खुद को दिल्ली में यूपीएससी एस्पिरंट्स के रूप में प्रस्तुत करता है। उसे शनिवार की देर शाम पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पिछले कई दिनों से वह गांव के ही एक विद्यालय में जाकर अमर्यादित, उदंड तरीके से बात करते हुए वीडियो बना रहा था। इसके माध्यम से शिक्षण कार्य मे बाधा पहुंचाने का काम कर रहा था। इतना ही नहीं, आरोप है कि उसने हरसिद्धि के प्रखंड विकास पदाधिकारी और अरेराज की ट्रेनी आईएएस सह अनुमंडल पदाधिकारी से भी आवेदन देने के दौरान दुर्व्यवहार किया। अभद्रता से उच्चे आवाज में बात की। उसने इसका वीडियो बनाकर अपने आईडी से वायरल किया था।

## हरनाटांड में विश्व महिला दिवस पर कार्यक्रम, आदिवासी समुदाय की महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
विश्व महिला दिवस के अवसर पर हरनाटांड में थारू आदिवासी समुदाय की महिलाओं द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय थारू कल्याण महासंघ की महिला विंग थरुहट महिला विकास संस्था के तत्वावधान में संघ भवन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन वाल्मीकिनगर विधायक सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में विधायक सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने महिलाओं के सम्मान और समाज में उनके बढ़ते योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं केवल चूल्हा-चौकी तक सीमित नहीं रह गई हैं, बल्कि अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि महिलाओं को उचित सम्मान और विश्वास मिले, तो वे किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं रहेंगी। विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं से किसी भी समस्या या आवश्यकता के लिए उनसे बेझिझक संपर्क करने की अपील की और हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैलीः** कार्यक्रम के दौरान महिला जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सैकड़ों महिलाओं ने एक जागरूकता रैली निकाली। यह रैली संघ भवन से हरनाटांड बाजार तक गई। रैली में शामिल महिलाओं ने महिला सम्मान और अधिकारों से जुड़े नारे लगाए और समाज में महिलाओं के अधिकार, शिक्षा व सम्मान का संदेश दिया।

**महिलाओं में जागरूकता बढ़ाना उद्देश्यः** थरुहट महिला विकास संस्था की अध्यक्ष नीता कुमारी ने बताया कि उनकी संस्था वर्ष 1996 से लगातार हर साल महिला दिवस का आयोजन करती आ रही है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना है। इस अवसर पर भारतीय थारू कल्याण महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष दीप नारायण प्रसाद, संस्था की सचिव चानमती देवी, सदस्य कुसुम देशोज, मुखिया प्रियंका देवी, गायत्री देवी, देमवंती कुमारी, ऊषा देवी, सोनम देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## केसरियाः अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सेवा सदन सुन्दरापुर में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

लोकतंत्र की आवाज



**केसरिया - संवाददाता प्रिंस कुमार**
**पूर्वी चंपारण**। 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केसरिया के सुन्दरापुर बढ़ई टोला में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिनका आयोजक सेवा सदन सुन्दरापुर केसरिया पूर्वी चम्पारण द्वारा किया गया। कार्यक्रम स्थल प्रेमचंद्र एजुकेशन ऑडिटोरियम (एनजीओ) द्वारा बढ़ई टोला सुंदरापुरा केसरिया में किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि 31 केसरिया ज़िला परिषद सदस्य निर्मला देवी तथा पति समाजसेवी विनोद कुमार गुप्ता उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से की गई। इस कार्यक्रम में आएं महिलाएं को संबोधित करते हुए ज़िला परिषद सदस्य निर्मला देवी ने कहा कि बिहार की महिलाएं अब जागरूक एवं सशक्त हो गई है। हर कार्य क्षेत्र में महिलाओं का भी अहम् योगदान रहता है। जिससे समाज एवं परिवार में खुशियां दिखाई दे रही है। वहीं उन्होंने महिलाओं को जागरूक करतें हुए कहा कि महिलाओं के बिना घर, समाज या राष्ट्र विकसित नहीं हो सकता है। इसके लिए हर एक महिला को आगे आकर अपनी हक, एवं अधिकार के लिए समाज में क़दम से क़दम मिलाकर में आगे आना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि बच्चों की भविष्य है महिलाएं। इसी के उपलक्ष्य में हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता हैं। साथ ही उन्होंने शुभकामनाएं एवं बधाई दीं है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### रजौली : हरदिया में रामनवमी व दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू,अनुज बने अध्यक्ष और रंजीत को मिली सचिव की कमान



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के हरदिया सेक्टर डी के दूर्गा मंदिर के समीप रविवार की सुबह श्री रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्थानीय हरदिया सरपंच संतोष कुमार ने की। इस सभा का मुख्य उद्देश्य आगामी रामनवमी और दुर्गा पूजा पर्व को पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाने के लिए रूपरेखा तैयार करना था, जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने पर्व के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया। साथ ही बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए अनुज कुमार को अध्यक्ष, रंजीत कुमार को सचिव तथा संतोष कुमार को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर समिति की मजबूती और एकजुटता का परिचय देते हुए अखिलेश कुमार, सूरज कुमार, सोहन साव, ओम प्रकाश आर्य, मुकेश कुमार सिंह, रूपेश कुमार, संजय कुमार, अजय पंडित, बब्लू पंडित, अनुरंजन सिंह, पिंटू कुमार, विशाल कुमार एवं संजय कुमार गुप्ता सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने आगामी उत्सवों को भव्य रूप से बनाने का संकल्प लिया।

### मछली मारने गए युवक की हत्या



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड के अंतर्गत पंचायत बुधौली के मंगर चौक निवासी कृष्णा चौरसिया के 28 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने कबला के कुसैया आहर के कीचड़ से उसकी लाश बरामद की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पकरीबरावां के एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर, पुलिस निरीक्षक प्रशांत कुमार, अपर थानाध्यक्ष स्नेहा कुमारी, एसआई कन्हैया लाल सहित पकरीबरावां, रूपौ, धमौल एवं कौआकोल थाने के पुलिस वहां पहुंचीं। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली कि आहर के कीचड़ में युवक की लाश है। जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली गई है। युवक की लाश कीचड़ में पाया गया है। मृतक के परिवार की ओर से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। एफएसल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर रही है। घटनास्थल के पास से मिले खून के धब्बे एवं अन्य साक्ष्यों को आधार मानकर वैज्ञानिक अनुसंधान शुरू किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है। मृतक के परिवार वालों ने कहा कि गला दबाकर उसकी हत्या की गई है।मृतक मछली मारने की बात कहकर रविवार की सुबह 10 बजे घर से निकला था। काफी देर तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोज खबर ली। तब यह पता चला कि कबला आहर के छिलका के पास एक शव है। जानकारी के बाद जब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो अपने पुत्र का शव देखकर बिलख- बिलखकर रोने लगे। चर्चा है कि 20- 25 लोग वहां मछली मार रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि मछली मारने को लेकर कोई विवाद हुआ। इसके बाद युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई। युवक के मौत के बाद परिवार वालों का रो- रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो छोटे- छोटे बच्चे हैं। मृतक का बड़ा पुत्र प्रिंस 6 वर्ष का है, जबकि छोटा पुत्र गौतम 4 वर्ष का है। मृतक की पत्नी मंजू देवी बेसुध है। परिवार के अन्य सदस्यों का भी बुरा हाल है।

### औरंगाबाद :गोह दुर्गा मंदिर में परिवार की रजामंदी से दो युगल प्रेमियों ने रचाई शादी

**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
**गोह(औरंगाबाद)** प्रेम के अंधे दो प्रेमियों ने अपने रिश्ते को ताड़ ताड़ कर दी। आज भी शिक्षा के अभाव में लोग रिश्ते को भूलते जा रहे हैं। जिससे समाज में दुष्प्रभाव की गंदगी फैलती जा रही है।रविवार को गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर में हिंदू रीति रिवाज के साथ एक प्रेमी युगल शादी के बंधन में बंध गई। शादी के लिए रजामंदी परिवार के लोगों ने दोनों प्रेमियों को दे दी। प्रेमी युगल थाना क्षेत्र के दाउदपुर गांव निवासी हरिहर साव के पुत्र जीतन कुमार व उसी गांव निवासी तालकेश्वर साहु की पुत्री ज्योति कुमारी का विवाह वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराई गई। रिश्ते में दोनों प्रेमी युगल मौसेरे भाई बहन लगते हैं।जानकारी के अनुसार तीन वर्षों से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। जिसके बाद दोनों ने अपनी मर्जी से शादी करने का फैसला लिया। हालांकि शादी से पहले परिवार में काफी अड़चने सामने आई। लेकिन समाजिक दबाव के बाद दोनों परिवारों के बीच बातचीत की गई।

# महिला कर्मियों के साथ केक काटकर मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

## समाजसेविका खुशबू सिंह ने महिला कर्मियों को साड़ी देकर किया सम्मानित





**लोकतंत्र की आवाज**

**जगदीशपुर/भोजपुर** नगर पंचायत, बिहिया के चेयरमैन कार्यालय कक्ष में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेविका खुशबू सिंह ने नगर पंचायत कार्यालय की महिला कर्मियों के साथ केक काटकर महिला दिवस मनाया। इसके बाद उन्होंने महिला कर्मियों को साड़ी देकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। मौके पर खुशबू सिंह ने कहा कि आज महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपनी अलग पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व होता है जब महिलाएं घर से बाहर निकलकर समाज और विभिन्न संस्थानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं को सम्मानित किया गया है, वे नगर पंचायत के कार्यों को आगे बढ़ाने में अहम योगदान दे रही हैं।

उन्होंने सभी महिलाओं को संदेश देते हुए कहा कि हर महिला को घर से बाहर निकलकर हर क्षेत्र में कार्य करना चाहिए और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। वहीं नगर पंचायत कार्यालय की महिला कर्मियों ने समाजसेविका खुशबू सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में मौजूद महिलाओं ने भी खुशबू सिंह के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस सम्मान के लिए वे सदैव आभारी रहेंगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत चेयरमैन सचिन कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण समाज के विकास के लिए आवश्यक है। वहीं दूसरी ओर समाजसेविका खुशबू सिंह ने चेयरमैन की मौजूदगी में दलित-महादलित बस्ती में भोजन वितरण किया। इस दौरान समुदाय के लोगों ने लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया और काफी खुश नजर आए।

# महिला दिवस पर माँ सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव 'उमंग' का किया आयोजन



**लोकतंत्र की आवाज**

**समस्तीपुर।** मोरवा प्रखंड क्षेत्र के धर्मपुर बांदे हाट स्थित माँ सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वार्षिकोत्सव 'उमंग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मोरवा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी एवं युवा समाजसेवी अभय कुमार सिंह, धर्मपुर बांदे के मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व जिला परिषद सदस्य अशोक कुमार दास, केशोनारायण नारायणपुर पंचायत के मुखिया चंदेश्वर पासवान, विद्यालय के व्यवस्थापक विनय कुमार पांडे तथा पंचायत समिति प्रतिनिधि डॉ. मनोहर प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभय कुमार सिंह ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ''शिक्षा शेरनी का दूध है, जो इसे पीता है वही दहाड़ता है।'' उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा और उनके सशक्तिकरण पर बल दिया। वहीं विद्यालय के व्यवस्थापक विनय कुमार पांडे ने शिक्षा, कर्म, ज्ञान और संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षित करना समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं और हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक प्रदर्शनी प्रस्तुत की, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विज्ञान मेला और मेधावी विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में नवीन पांडे, राजेश ठाकुर, सुबोध कुमार, आदित्य झा, रवि रोशन, निशा पांडे, अंकित कुमार पोद्दार, सुरभि सावन, प्रज्ञा भारती सहित सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

# महूगांय गांव में मारपीट, छह लोग जख्मी; दो की हालत गंभीर, रेफर



**लोकतंत्र की आवाज**

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला (नवादा)।** परना डाबर थाना क्षेत्र के महूगांय गांव में आपसी भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में छह लोग जख्मी हो गए। घटना के बाद परिजनों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला लाया गया। घायलों में प्रिंस कुमार, गोरेलाल प्रसाद, उषा देवी, नीरज कुमार, बुगली देवी तथा कौशल कुमार शामिल हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सक डॉ. संतोष कुमार सुमन ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर के अनुसार बुगली देवी और प्रिंस कुमार की स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्चतर चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज पीएचसी में ही किया जा रहा है। बताया जाता है कि घटना का कारण आपसी भूमि विवाद है, जिसे लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। परना डाबर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# एसपी की मासिक अपराध गोष्ठी में फरवरी की समीक्षा, 276 गिरफ्तारी व 27.72 लाख का जुर्माना वसूला



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बगहा पुलिस अधीक्षक रामानंद कौशल की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फरवरी 2026 के दौरान जिले में हुई पुलिस कार्रवाई, अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में फरवरी माह की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया गया कि इस अवधि में पुलिस ने कुल 276 गिरफ्तारियां कीं। इनमें 145 गिरफ्तारी विभिन्न मामलों में तथा 131 गिरफ्तारी वारंट निष्पादन के तहत की गई। वहीं वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने 27 लाख 72 हजार रुपये का जुर्माना वसूला।

**शराबबंदी अभियान में बड़ी कार्रवाई:** शराबबंदी अभियान के तहत पुलिस ने 1517.775 लीटर देसी और विदेशी शराब बरामद की। इसके अलावा जब्त की गई 2760.5 लीटर शराब को विनष्ट भी किया गया। वारंट निष्पादन के तहत 274 बीडब्ल्यू, 495 एनबीडब्ल्यू और 29 कुर्की की कार्रवाई की गई।

**अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश:** बैठक में बगहा, रामनगर, यातायात, एसडीपीओ कार्यालय और मुख्यालय के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचल निरीक्षक, थानाध्यक्ष तथा शाखा प्रभारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को लंबित मामलों का समय पर और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने, वारंट व कुर्की के निष्पादन में तेजी लाने तथा वाहन जांच अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही अवैध बालू खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, डायल 112 की सक्रियता बढ़ाने, सीसीटीएनएस कार्य में सुधार लाने और पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन मामलों के त्वरित निष्पादन पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को बेहतर पुलिसिंग के लिए सतर्क और सक्रिय रहकर कार्य करने का निर्देश दिया तथा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार कार्रवाई जारी रखने को कहा।

# अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के द्वारा लगाया गया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, शिविर में 1000 मरीजों का मुफ्त में किया गया इलाज एवं दवा का वितरण



**लोकतंत्र की आवाज**

**गया।** आर्षेय अरिहंत फाउंडेशन के तत्वाधान में गया शहर के एपी कॉलोनी में संचालित अर्श सुपर स्पेशलियटी हॉस्पिटल के तत्वाधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया समर्थ केन्द्र बङगांव कोंच टेकारी गयाजी । इस शिविर आयोजन में समर्थ केंद्र बङगांव का सहयोग रहा है। इस चिकित्सा शिविर में लगभग 1000 मरीजो का निःशुल्क परामर्श किया गया. इसके साथ ही मुफ्त में दवा का भी वितरण किया गया है । इस मौके पर अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक सह हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नवनीत निश्चल एवं डॉ कविता निश्चल के अलावे अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ प्रवीण कुमार , डॉ पूजा कुमारी, डॉ राखी कुमारी, रमेश कुमार, भवानी सिंह, निक्की कुमारी, अमर पांडेय ,अमित कुमार, विशाल कुमार, हरे राम, ने उपस्थित होकर 1000 लोगो का निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान करने में सहयोग किया । चिकित्सा शिविर के मौके पर अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नवनीत निश्चल ने बताया कि अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मुफ्त में चिकित्सा सेवा दिया जा सके और दवा का भी वितरण किया जा सके क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र के कई ऐसे लोग भी होते हैं जो पैसे के अभाव में सही इलाज नही करवा पाते है जिन्हें सेवा भाव के उद्देश्य से मुक्त में इलाज कर दवा दिया जा रहा है ।यह हमारी संस्था के द्वारा लगातार जारी है और आगे भी जारी रहेगा। वही इस तरह का आयोजन करने के लिए ग्रामीणो ने भी अस्पताल के प्रति एवं डॉ नवनीत निश्चल के प्रति आभार प्रकट किया।

# बिहपुर : फ्रेंडशिप क्रिकेट मैच में एमसीसी बिहपुर की शानदार जीत, नवगछिया को 6 विकेट से हराया



**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया।** रविवार को मधुसूदन सर्वोदय उच्च विद्यालय मैदान, बिहपुर में नवगछिया और एमसीसी क्रिकेट क्लब बिहपुर के बीच एक रोमांचक फ्रेंडशिप क्रिकेट मैच खेला गया। मुकाबले में एमसीसी क्रिकेट क्लब बिहपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नवगछिया की टीम को 6 विकेट से पराजित कर मैच अपने नाम कर लिया। मैच की शुरुआत टॉस के साथ हुई, जिसमें नवगछिया टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवरों में नवगछिया की टीम ने 9 विकेट खोकर 150 रन बनाए और एमसीसी बिहपुर के सामने 151 रनों का लक्ष्य रखा।नवगछिया की ओर से दीपक कुमार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 48 गेंदों पर 66 रन बनाए। उनकी पारी में कई आकर्षक शॉट देखने को मिले। वहीं सनी कुमार ने 22 गेंदों का सामना करते हुए 23 रनों का योगदान दिया। इन दोनों खिलाड़ियों की बदौलत टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सकी। गेंदबाजी में एमसीसी बिहपुर की ओर से श्याम सुंदर ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने तीन ओवर में मात्र 19 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट झटके। वहीं मोहम्मद जावेद ने दो ओवर में 10 रन खर्च कर दो विकेट हासिल किए और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमसीसी क्रिकेट क्लब बिहपुर की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 17 ओवर में 6 विकेट खोकर 151 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। टीम की ओर से आसिफ रजा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 34 गेंदों में 55 रन बनाए। उनकी पारी में तीन चौके और छह शानदार छक्के शामिल रहे। वहीं मोहम्मद जीशान ने 20 गेंदों में 37 रन तथा अनुराग कुमार ठाकुर ने 20 गेंदों में 23 रनों का योगदान देकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

मैच में अंपायर की भूमिका विक्की कुमार और सौरव कुमार ने निभाई, जबकि स्कोरिंग का कार्य मोहम्मद अरशद और मुजम्मिल ने किया। मैच शुरू होने से पहले एमसीसी क्रिकेट क्लब बिहपुर के सचिव मोहम्मद इबरार आलम, खिलाड़ी प्रतीक कुमार झा उर्फ गोलू तथा एमसीसी टीम के पूर्व कोषाध्यक्ष मरहूम अरशद अली के छोटे पुत्र और क्रिकेटर अनवर सईद ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर खेल प्रेमियों की अच्छी-खासी उपस्थिति देखने को मिली।

# रजौली की सड़कों पर दौड़ा मिनी मैराथन का रोमांच, यूपी के सुनील और सीवान की पूजा ने लहराया जीत का परचम



**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** रजौली के ऐतिहासिक इंटर विद्यालय प्रांगण में रविवार को खेल और उत्साह का एक अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां कमांडो फिजिकल एंड स्पोर्ट एकेडमी द्वारा आयोजित 'द्वितीय मिनी मैराथन 2026' ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। नगरपंचायत रजौली, जेपीएस स्कूल,होंडा शोरूम और आप और हम रेस्टोरेन्ट जैसे संस्थानों ने प्रायोजक के रूप में इस खेल उत्सव को अपना समर्थन दिया।इस भव्य प्रतियोगिता में न केवल बिहार, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 800 युवक-युवतियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा और अदम्य साहस का परिचय दिया। सुबह की पहली किरण के साथ ही धावकों के जोश ने पूरे रजौली को खेलमय बना दिया।

**रोमांचक मुकाबला और गौरवशाली विजेता:** दौड़ का सफर रजौली इंटर विद्यालय से प्रारंभ होकर महादेव मोड़, बांके मोड़, थाना रोड, बाजार रोड, राजशिव मंदिर होते हुए पुरानी बस स्टैंड जैसे प्रमुख स्थलों से गुजरते हुए वापस इंटर विद्यालय के मैदान पर समाप्त हुआ। लड़कों के वर्ग में उत्तर प्रदेश के मऊ जिले से आए सुनील कुमार ने अपनी रफ्तार का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जिसके लिए उन्हें 11 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं,राजगीर के विकास राय दूसरे स्थान पर रहे जिन्हें 5100 रुपये मिले, जबकि तीसरे स्थान के विजेता को 2100 रुपये की पुरस्कार राशि दी गई।लड़कियों के वर्ग में सीवान की पूजा सिंह ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। गया जी की किरण वर्मा ने द्वितीय और नवादा की स्वीटी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। विजेताओं को नगद राशि के साथ-साथ मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर उनकी उपलब्धि को सराहा गया।

**सेना के जवानों की अनूठी पहल को गणमान्य अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह :** इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक बिमल राजवंशी ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के जीवन में अनुशासन का संचार करते हैं और ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को एक राष्ट्रीय मंच मिलता है। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि व समाजसेवी प्रमोद चंद्रवंशी ने भी युवाओं को शारीरिक और मानसिक मजबूती के लिए खेलों से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य पार्षद मानती देवी प्रमुख सरोज देवी,रजौली पश्चिमी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विनय सिंह, रंजन कुमार बब्लू, भाजपा नेत्री निशा कुमारी, प्रेमा चौधरी एवं कई सेवानिवृत्त शिक्षकों सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस पूरे आयोजन की नींव छुट्टी पर आए सीआरपीएफ जवान चंदन कुमार सिंह ने रखी थी। उन्होंने बताया कि इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना और उन्हें एक बेहतर भविष्य के लिए तैयार करना है। आयोजन को सफल बनाने में सिंटू कुमार सीआरपीएफ, सुबोध कुमार बीएसएफ, सत्यम कुमार आर्मी और योग ट्रेनर नूतन सहित कई स्थानीय युवाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 31 मार्च तक बकाया होल्डिंग टैक्स जमा करने पर नहीं लगेगा जुर्माना



**लोकतंत्र की आवाज**

**जगदीशपुर/भोजपुर** बिहिया नगर पंचायत प्रशासन ने होल्डिंग टैक्स के बकायेदारों को राहत देने के लिए एकमुश्त कर निपटान योजना (ओटीएस) लागू की है। इस योजना के तहत बकाया होल्डिंग टैक्स पर लगने वाले विलंब शुल्क और जुर्माने को पूरी तरह माफ कर दिया गया है। नागरिकों को केवल मूल कर राशि जमा करनी होगी। नगर पंचायत के प्रधान सहायक सह लेखपाल गौरव कुमार ने बताया कि यह सुविधा 31 मार्च 2026 तक उपलब्ध रहेगी। इस अवधि के भीतर टैक्स जमा करने वाले लोगों को किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ेगा। नगर पंचायत कार्यालय में विशेष शिविर लगाकर बकाया टैक्स की वसूली की जा रही है। रविवार को भी नगर पंचायत सभागार में शिविर आयोजित कर लोगों से टैक्स जमा कराया गया। इसके अलावा नगर पंचायत कर्मियों द्वारा बिहिया नगर के सभी 14 वार्डों में डोर-टू-डोर अभियान चलाकर भी टैक्स वसूली की जा रही है। नगर पंचायत चेयरमैन सचिन कुमार गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर अपना होल्डिंग टैक्स जमा करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों के टैक्स से ही सड़क, नाली, लाइट व सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर किया जाता है, जिससे नगर के विकास कार्यों को गति मिलती है। डोर-टू-डोर अभियान में रामेश्वर प्रसाद, नीरज कुमार सिंह, रवि शंकर राय, हुशन मुबारक, प्रेम शंकर राय और कमलेश राय सहित अन्य कर्मी शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### महिला दिवस के अवसर पर डीआरडीए सभागार में जीविका की महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
दिनेश तिवारी
सासाराम। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर रविवार को डीआरडीए सभागार में जीविका की महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय ,जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, जिला परियोजना प्रबंधक,महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास (सासाराम) के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना था। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। बैनर पर प्रदर्शित संदेशों के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। जीविका और महिला एवं बाल विकास निगम के संयुक्त प्रयास से समाज की प्रत्येक महिला के योगदान की सराहना की और भविष्य में उनके विकास के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया।

### संझौली गड़ूरा सड़क बदहाल, सियावांक तक जाने में लोगों को हो रही भारी परेशानी



लोकतंत्र की आवाज
संझौली से सोनू कुमार
संझौली। प्रखंड से गड़ूरा होते हुए सियावांक तक जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में है। सड़क निर्माण का काम शुरू तो किया गया, लेकिन बीच में ही बंद हो जाने के कारण राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार इस सड़क पर पहले रबीस बिछाया गया था, लेकिन आगे का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। सड़क पर डाली गई गिट्टी अब उखड़कर इधर-उधर फैल गई है, जिससे मार्ग और भी खराब हो गया है। इस कारण संझौली से गड़ूरा होते हुए सियावांक तक जाने वाले लोगों को रोजाना मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत बाइक चालकों और छोटे वाहनों को हो रही है। कई जगहों पर गिट्टी बिखरी रहने के कारण वाहन फिसलने का खतरा बना रहता है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क का काम शुरू होने से उम्मीद थी कि जल्द ही अच्छी सड़क बन जाएगी, लेकिन काम रुक जाने से हालत और खराब हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से कई गांवों के लोग रोजाना आवागमन करते हैं। बाजार, स्कूल और जरूरी कामों के लिए लोगों को इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है, लेकिन सड़क की खराब स्थिति के कारण काफी समय और परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य को पूरा कराया जाए, ताकि संझौली से गड़ूरा होते हुए सियावांक तक जाने वाले लोगों को राहत मिल सके।

### पानी चुलाते बालू लदा एक ट्रक जब्त

लोकतंत्र की आवाज
नासरीगंज। डिहरी-बिक्रमगंज मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बसडीहा पुल के समीप खनन इंस्पेक्टर अमित राज, प्रीतम कुमार सहित खनन की पूरी टीम ने अभियान चलाकर पानी चुलाने के जुर्म में एक बालू लदा ट्रक को जब्त किया है। जब्त ट्रक को पुलिस की निगरानी में दाउदनगर मोड़ के पास लगाया गया है। खनन इंस्पेक्टर अमित राज ने बताया कि चेकिंग के दौरान ट्रक को जांच करने पर बालू लदा ट्रक से पानी गिर रहा था। जिसको ले उक्त ट्रक को जब्त करते हुए ट्रक मालिक पर जुर्माना लगाते हुए जब्त किया गया है। जुर्माना की राशि जमा करने के बाद ट्रक को मुक्त किया जाएगा। प्रतिदिन अभियान चलाकर अवैध व ओवरलोड बालू के परिचालन पर नजर रखी जाएगी और उक्त वाहन को जब्त किया जाएगा।

### ढोल-नगाड़ों, ऊंट-घोड़ा और हाथियों के साथ भव्य कलश यात्रा, भक्तिमय माहौल से गूंजा क्षेत्र

लोकतंत्र की आवाज
तिलौथू। रविवार को पूरे क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब ढोल-नगाड़ों की गूंज, ऊंट-घोड़ा और हाथियों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा की शुरुआत चनंदनपुरा गांव से हुई, जो तिलौथू मार्ग होते हुए पवित्र सोन नदी तक पहुँची। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ गंगा जल से कलश भरकर महायज्ञ के लिए जल एकत्र किया।यात्रा के दौरान भक्ति गीतों, जयकारों और ढोल-नगाड़ों की ध्वनि से पूरा इलाका गूंज उठा। रास्ते भर श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह लोगों ने कलश यात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की। इस भव्य धार्मिक आयोजन में लगभग 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पुरुष, महिलाएं और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर इस पावन यात्रा को और भी भव्य बना रहे थे। गंगा जल से कलश भरने के साथ ही महायज्ञ का शुभारंभ पूरे विधि-विधान और धूमधाम के साथ किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बन गया।

### जंगली हाथी अमझोर प्लांट की आसपास आया नजर, ग्रामीणों में दहशत

लोकतंत्र की आवाज
रोहतास। झारखंड के जंगलों से भटककर रोहतास जिले में पहुंचा एक जंगली हाथी इन दिनों इलाके में दहशत का कारण बना हुआ है। पिछले लगभग दो सप्ताह से यह हाथी सोन डीला क्षेत्र में घूम रहा था और अब सोन नदी पार कर नवाडीह मस्जिद मोड़ होते हुए अमझोर प्लांट के आसपास देखा गया है। रविवार सुबह भी हाथी अमझोर प्लांट के आसपास नजर आया, जिससे आसपास के गांवों में डर का माहौल है। जानकारी के अनुसार, हाथी ने बाकुड़ा गांव में एक घर का दरवाजा तोड़ दिया है तथा कई स्थानों पर खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में हाथी ने कई जानवरों को भी मार डाला है और खेतों में खड़ी फसलों को बर्बाद कर दिया है।वन विभाग के अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। डीएफओ स्टेलिन फिल्ड कुमार और रेंजर दीपक ने गांवों का दौरा कर ग्रामीणों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने लोगों से हाथी के नजदीक नहीं जाने की अपील की है तथा आबादी वाले क्षेत्रों में उसके प्रवेश को रोकने और किसी भी प्रकार की जनहानि से बचने के लिए कई सावधानियां बताई हैं। कशिश वाटरफॉल जाने वाले रास्ते पर भी बढ़ा खतरा |बताया जा रहा है कि हाथी सोन डीला से पहाड़ी क्षेत्र की ओर बढ़ गया है। इसी रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों लोग कशिश वाटरफॉल घूमने जाते हैं, जिससे फिलहाल वहां जाने वाले लोगों के लिए खतरा बना हुआ है।इस मामले को लेकर स्थानीय विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने बिहार सरकार को पत्र लिखकर पूरी घटना की जानकारी दी है और जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने की मांग की है। अब प्रशासन की आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत छात्रों का दल बोधगया रवाना



लोकतंत्र की आवाज
कोचस। मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के अंतर्गत रविवार को राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय नरवर भगीरथा के छात्रों का दल ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल बोधगया के लिए रवाना हुआ। प्रखंड प्रमुख श्रीमती ललिता देवी ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों के दल को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक परिभ्रमण से बच्चों को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की जानकारी मिलती है तथा उनका ज्ञानवर्धन होता है। बोधगया भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं वहां के ऐतिहासिक स्थलों से रूबरू होंगे और उनसे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त करेंगे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक भरत प्रसाद सिंह, शिक्षक उपेन्द्र कुमार सिंह, धनजी पासी, शिक्षिका प्रभावती कुमारी, निर्मला यादव तथा अंजली कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित और ज्ञानवर्धक यात्रा की कामना की।

# रोहतास सीमेंट वर्क्स में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

रोहतास। डालमिया फाउंडेशन द्वारा रोहतास सीमेंट वर्क्स, कल्याणपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लगभग 150 महिलाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डेहरी रोहतास-II की सब डिविजनल पुलिस ऑफिसर (एसडीपीओ) श्रीमती बंदना थीं। कार्यक्रम में अंकिता जैन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, तिलौथू, अंशु तिवारी, अध्यक्ष, सुरभि क्लब आरसीडब्ल्यू तथा आशुतोष कुमार तिवारी, यूनिट हेड, रोहतास सीमेंट वर्क्स विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान डालमिया भारत फाउंडेशन के अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित ग्राम परिवर्तन परियोजना और दीक्षा कौशल विकास कार्यक्रम की जानकारी दी।

इस अवसर पर रोहतास सीमेंट वर्क्स में कार्यरत 8 महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में




महिला कर्मचारी सुश्री दिव्या पांडेय की प्रेरणादायक कहानी भी साझा की गई, जिन्होंने पारंपरिक परिवार से आने के बावजूद विवाह के बाद अपनी पढ़ाई पूरी की और वर्तमान में आरसीडब्ल्यू में सीसीआर ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रही हैं।महिला आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 महिला उद्यमियों द्वारा संचालित माइक्रो एंटरप्राइज का उद्घाटन किया गया। प्रत्येक उद्यमी को डालमिया भारत फाउंडेशन द्वारा ₹10,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।इसके अलावा समहुता, बकनौरा और बंजारी गांव की 10 महिलाओं को दुग्ध पशु खरीदने के लिए ₹10-10 हजार की सहायता दी गई तथा 12 किसानों को कृषि स्प्रेयर पंप वितरित किए गए।मुख्य अतिथि एसडीपीओ श्रीमती बंदना ने अपने संबोधन में कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाता है, जिससे वे अपने निर्णय स्वयं ले सकती हैं और समाज में उनकी स्थिति मजबूत होती है। उन्होंने डालमिया भारत फाउंडेशन और रोहतास सीमेंट वर्क्स की इस पहल की सराहना की।प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि महिलाओं के समग्र विकास के लिए शिक्षा, कानूनी जागरूकता और आर्थिक सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है।

वहीं सुरभि क्लब की अध्यक्ष अंशु तिवारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तभी सार्थक होगा जब सभी महिलाएं और बालिकाएं समग्र रूप से विकसित हों। उन्होंने इस दिशा में डालमिया भारत फाउंडेशन की भूमिका की सराहना की।इस अवसर पर गणपति ग्राम परिवर्तन स्वयं सहायता समूह संघ, समहुता को आजीविका विकास के लिए ₹4,00,000 की राशि प्रदान की गई, जिसका उपयोग 30 महिला सदस्य आयवर्धन गतिविधियों में करेंगी।साथ ही बंजारी और बकनौरा गांव की 60 महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया, जिन्हें पहले ग्राम परिवर्तन एसएचजी एसोसिएशन के माध्यम से ₹4-4 लाख की सहायता दी जा चुकी है।कार्यक्रम के अंत में यूनिट हेड आशुतोष कुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि डालमिया भारत फाउंडेशन महिलाओं एवं आसपास के ग्राम पंचायतों के विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा और रोहतास सीमेंट वर्क्स ग्रामीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे भी जारी रखेगा।

इस अवसर पर श्रीमती संजू (मुखिया, ग्राम पंचायत बकनौरा) तथा श्रीमती मीरा (पंचायत समिति सदस्य) ने भी महिला दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। यूनिट हेड ने कहा कि ये दोनों महिलाएं महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायक मिसाल हैं|

## अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मध्य विद्यालय भरन्दुआ में कार्यक्रम आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

दिनेश तिवारी
चेनारी। अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को चेनारी के मध्य विद्यालय भरन्दुआ के प्रांगण बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं एवं बच्चियों के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिला अभिभावकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन द्वीप प्रज्वलित कर समाजिक कार्यकर्ता सावित्री गुप्ता, अनिता देवी, सोना देवी प्रधानाध्यापक अशोक प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। सुषमा, गायत्री रितु, काजल स्वागत गीत गाया तथा प्रधानाध्यापक अशोक प्रसाद ने बुके और अंगवस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत किया। छात्राओं द्वारा विभिन्न गीत, नृत्य प्रस्तुत किए गये जो नारी शक्ति, महिला सशक्तिकरण आदि पर अधारित था। बच्चियों द्वारा चित्रांकन भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अशोक प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है। उन्होनें महिलाओं की परिवार, समाज और राष्ट्र- निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

अशोक प्रसाद ने अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस को महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता का प्रतिक बताया। उन्होनें सभी महिलाओं के साहस, समर्पण और संघर्षशीलता की सराहना की।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक अशोक प्रसाद द्वारा बेहतर कार्य करने वाली कुल- 21 महिलाओं को जो शिक्षा, समाजिक क्षेत्र आदि विधालय आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है को उपहार देकर सम्मानित किया गया। चित्रांकन, गीत नृत्य में भाग लेने वाली कुल-18 छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर महेश प्रसाद, संध्या देवी, ज्योति कुमारी, रीता देवी, लक्ष्मी, रिंकी, सुहानी, शिवानी, अनिशा, मो शादमान, मो तस्लीम, आरीफ समेत अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## खूनी संघर्ष : रतनपट्टी में दो पक्षों के बीच मारपीट,आठ घायल,सात की हालत गंभीर

लोकतंत्र की आवाज

सूर्यपूरा। सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के रतनपट्टी गांव में रविवार को रास्ता और भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई ।घटना में आठ लोग घायल हो गए, जिनमें सात की हालत गंभीर बताई जा रही है ।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई । बताया जाता है कि गांव में काफी दिनों से रास्ता को लेकर भूमि विवाद चल रहा है ।

जिस जमीन को लेकर पहले से मामला न्यायालय में विचाराधीन है,उसी भूमि पर एक पक्ष के रविंद्र सिंह,उपेंद्र सिंह एवं कृष्ण सिंह द्वारा घेराबंदी की जा रही थी ।इसे रोकने के लिए सुरेंद्र सिंह अपने परिजनों के साथ वहां पहुंचे ।इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया ।मारपीट में सुरेंद्र सिंह,विकास कुमार,रवि कुमार, पार्वती देवी,बबीता देवी,सबिता देवी, प्रिंस कुमार और प्रियंका कुमारी घायल हो गए । घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सूर्यपुरा स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सात घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया । सुचना मिलते ही बिक्रमगंज एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह एवं पुलिस निरीक्षक बिक्रमगंज शेर सिंह यादव भी घटनास्थल पर पहुंचे । पुलिस ने घटना में संलिप्त 05 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । जिसमें उपेंद्र कुमार सिंह पिता स्व० गंगाधारी सिंह,ब्रिदा कुमार पिता कृष्णा सिंह, कृष्णा सिंह पिता स्व० गंगाधारी सिंह,रविंद्र सिंह पिता स्व० गंगाधारी सिंह,हिमांशु राज पिता उपेंद्र सिंह है । पुलिस ने घटनास्थल से दो लाठी, एक लोहे का रामा,दो कुदाल,चार लोहा का कड़ाही बरामद की है । इसकी जानकारी थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने दी ।उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है ।इस संबंध में दोनों पक्षो से आवेदन प्राप्त कर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है ।

## मानवता सेवा संघ ने की बैठक : यूजीसी जैसे काले कानून को तुरंत समाप्त करने को लेकर एक दिवसीय धरना का निर्णय

लोकतंत्र की आवाज

काराकाट। मानवता सेवा संघ की बैठक संगठन कार्यालय काराकाट में संपन्न हुई ।बैठक आए संघ के सदस्यों ने कहा कि यदि न्यायपालिका रोक नहीं लगाई होती तो यूजीसी का जो आरक्षण आया देश में उससे आज पूरा देश जलता रहता । सच पूछा जाए तो समाज को बांटने और नफरत को फैलाने का नाम ही है आरक्षण,इसे देश के अंदर लोगों को जाति में बांटना प्रमुख कारण कहना अनुचित नहीं होगा ।जिस जाति का नाम लेने से एससी एसटी एक्ट लागू हो जाता है उसका नाम है आरक्षण, जाति का नाम लेने पर केस,लेकिन बड़े खुशी और हर्ष के साथ नफरती आरक्षण के कानून का सहारा लेने के लिए दफ्तरों में जाति प्रमाण पत्र खुशी खुशी बनवाते हैं आरक्षण धारी ।लेकिन जाति का नाम लेने पर होते हैं नाराज ।

यह कानून राजनेताओं की सोची समझी राजनीति के चलते सनातन धर्म में और अन्य धर्मों में एक लकीर पैदा कर दिया है ।जिसके चलते एक दूसरे जाति को देखकर लोगों की गुर्राने और नफरत करने का सिलसिला कम होने की वजह दिन दूना और रात चौगुन बढ़ता नजर आ रहा है ।पूर्व की सरकार और वर्तमान सरकार अंग्रेजों की तरह बाटो और शासन करो कि यह राजनीति देश को कितना नुकसान पहुंचाएगी और पहुंच रही है । जिसका अंदाजा अभी और आने वाले भविष्य में कितना भुगतना होगा कुछ कहा नहीं जा सकता है । गरीबी की तुलना किसी जाति को देखकर नहीं किया जा सकता है न गरीबी जात पात देखकर आती है ।यदि सच पूछा जाए तो गरीबों के नाम पर कानून बनाकर सुविधा देने का जो कानूनी तरीका है ।वह देश को बांटने के तरीका के रूप में बदल रहा है और बदल चुका है ।यह कानून देश में एकता फैलाने का नहीं कुर्सी बरकरार रखने का है । देश द्रोह के पैमाने की यदि हम बात करें तो जो कानून देश में अशांति फैलता हो नफरत फैलता हो जो देश को कमजोर करता हो जाति में बांटता हो वह देशद्रोह के रूप में क्या नहीं आता क्या यह आपसी प्रेम फैलाने वाला है या गरीबी मिटाने वाला या देशद्रोह फैलाने वाला या यदि जाति में बांटने वाला कानून कहना उचित नहीं होगा ।इस कानून के चलते आज समाज में नफरत और द्वेष समाज में इस तरह से बढ़ गया है और बढ़ रहे हैं कि कोई धर्म पर उंगली उठाता है कोई किसी के धर्म को ही गाली देता है तो कोई अंतरजातीय विवाह का सपना देखता है तो कोई ब्राह्मण लड़कियों पर ही सवाल उठा देता है और शादी करने तक का मंसूबा रखता है ।

यह सब नफरती कानून किसने बनाया और क्यों बनाया क्या यह देश को कमजोर नहीं कर रहा है क्या संविधान इसकी इजाजत देता है ,क्या समाज को यह कानून बांट नहीं रहा है । संविधान सबको साथ लेकर चलने का संकल्प लेता है सच पूछिए तो देश के हित में संविधान में संशोधन करके समता के अधिकार के तहत समान नागरिक संहिता लागू कर देना ही उचित होगा तब जाकर समाज में समरसता भाईचारा और पारदर्शिता कायम की जा सकती है । यदि सचमुच सरकार भेदभाव युक्त कानून आरक्षण या धार्मिक कानून नहीं बनाई होती तो आज देश में जनता के बीच भाईचारा की जगह नफरत नहीं कायम होता । इसलिए देश के अंदर जातिवाद का जन्मदाता राजनेताओं को कहना अनुचित नहीं होगा ।साथ में पढ़ना साथ में खाना साथ में होटल में ठहरना,बारात के एक पंडाल में,एक स्टॉल पर समान रूप से मिलना खाना यहां तक की अंतर्जातीय शादी करने का प्रावधान शुरू हो चुका है ।ऐसी स्थिति में समाज में वोट के लिए और कानूनी कुर्सी के लिए नफरत का बीज बो कर समाज को टुकड़े-टुकड़े करना उचित नहीं है इससे देश का भविष्य बनने की जगह और बिगड़ेगा ।बैठक में उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया कि आगामी 17 मार्च को काराकाट गोडारी प्रखंड मुख्यालय पर 11 बजे दिन से 3 बजे दिन तक धरना दिया जाएगा और मांग पत्र समर्पित किया जाएगा ।

## संगठन की मजबूती के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत रविवार को कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय और सक्षम बनाने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सासाराम ग्रामीण उतरी बंशी सेठ ने की, जबकि संचालन सासाराम ग्रामीण उतरी के मंडल महामंत्री ने किया।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बंशी सेठ ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे अहम होती है। समर्पित, प्रशिक्षित और सक्रिय कार्यकर्ता ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं तथा पार्टी की नीतियों की जानकारी देने का आह्वान किया। जिला मुख्यालय प्रभारी अरुण पाण्डेय ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर कार्यकर्ताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं के अनुशासन, समर्पण और निरंतर सक्रियता से ही संभव है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मुख्यालय प्रभारी अरुण पांडेय, जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा, जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ कमलेश कुमार सिन्हा, जिला सह संयोजक विधि प्रकोष्ठ संजय कुमार तिवारी, रविन्द्र कुशवाहा, दीपक पटवा, विनीत सोनी, अशोक गुप्ता, दीपक कुमार, राहुल कुमार, सूरज सिंह, अरुण चन्द्रवंशी, हरि नन्दन सिंह, परमहंस सिंह, जितेन्द्र सिंह, सन्नी देओल चन्द्रवंसी, बंशीधर सेठ, कमलेश सोनी, उमेश सिंह, श्रीकांत सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान संगठन के विस्तार, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। अंत में सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई।

## ट्रक की चपेट में आने से दिव्यांग युवक की मौत, भाई गंभीर रूप से घायल

लोकतंत्र की आवाज

संझौली। थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार दो भाई ट्रक की चपेट में आ गए। इस हादसे में एक दिव्यांग युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नोखा थाना क्षेत्र के डेरा गांव निवासी कालेन्द्र कुमार अपने भाई रमाकांत (पिता – सीताराम) को साइकिल से लेकर जा रहे थे। बताया जाता है कि रमाकांत दिव्यांग थे और उनके दोनों पैर से चलने में असमर्थ थे।

परिजनों के अनुसार रमाकांत को कुत्ते ने काट लिया था, जिसके बाद झाड़-फूंक कराने के लिए कालेन्द्र कुमार उन्हें साइकिल पर बैठाकर ले जा



रहे थे। इसी दौरान संझौली थाना क्षेत्र के अमेठी लाख के पास तेज रफ्तार मिक्सर मशीन लगी ट्रक ने साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रमाकांत की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि कालेन्द्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल कालेन्द्र कुमार को तत्काल नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही संझौली थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।

थाना अध्यक्ष पूनम कुमारी के निर्देश पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया।घटना की जानकारी मिलने पर लोहिया स्वच्छता मिशन के पर्यवेक्षक धर्मेंद्र कुमार भी मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

### दौरा पड़ते ही अनियंत्रित होकर पलटी बाइक, तीन घायल

लोकतंत्र की आवाज
कोचस। थाना क्षेत्र के बलथरी स्टैंड के समीप रविवार की दोपहर एक बाइक दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए। बताया जाता है कि बाइक चला रहे युवक को अचानक मिर्गी का दौरा पड़ गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सक डॉ. तुषार कुमार ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। स्थिति गंभीर देखते हुए तीनों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों में राम श्रीवास्तव (दुमदुमा), अजीत कुमार श्रीवास्तव (सोहवलिया) और हरिओम श्रीवास्तव (सोहवलिया) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार बाइक चला रहे हरिओम श्रीवास्तव को अचानक मिर्गी का दौरा पड़ने के कारण बाइक पर से नियंत्रण हट गया और वह सड़क पर पलट गई, जिससे तीनों युवक घायल हो गए। घटना के बाद कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया।

## महिला दिवस पर के. डिजिटल इंग्लिश स्कूल में महिलाओं का सम्मान

### दूसरी शाखा का उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज

रोहतास। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रोहतास जिले के गोविंदापुर उचैला स्थित के. डिजिटल इंग्लिश स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर स्कूल प्रबंधन द्वारा महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा विद्यालय की दूसरी शाखा का विधिवत उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया गया।

समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य अतिथि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिलाओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पार्षद



कंचन देवी समाज सेवी तोराब नियाजी, ललन कुमार , सनोज कुमार उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और महिला सशक्तिकरण के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।विद्यालय के चेयरमैन आकाश गुप्ता तथा निदेशक एमडी अजमल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्कूल का उद्देश्य क्षेत्र में बेहतर और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि नई शाखा खुलने से आसपास के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होगी। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिससे समारोह का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। अंत में विद्यालय के संस्थापक एमडी जासिमुद्दीन अंसारी एवं प्राचार्य एल. दास ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

### अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ट्रेकिंग में भाग लिए भारत स्काउट और गाइड

लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग तथा महिला एवं बाल विकास निगम रोहतास तथा जिला प्रशासन रोहतास के तत्वाधान में चंदतन शहीद पीर पहाड़ी नियर एसपी जैन कॉलेज सासाराम में ट्रैकिंग सह रैली का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए भारत स्काउट और गाइड,रोहतास के कैडेट, महिलाओं एवं बालिकाओं के द्वारा भाग लिया गया। इस कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड के कैडेट जिला संगठन आयुक्त अरविन्द कुमार सिंह, संजीत कुमार के निदेशानुसार लगभग 100 स्काउट गाइड भाग लिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर नेहा कुमारी अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम के द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को संदेश दिया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य नारा ₹सभी महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए अधिकार, समानता तथा सशक्तिकरण₹ है। इसका उद्देश्य महिलाओं में शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता लाना, उन्हें साहसिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी को रेखांकित करना है। उक्त कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, जिला खेल पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास निगम के पदाधिकारी एवं कर्मी,और उपाध्यक्ष भारत स्काउट और गाइड, रोहतास संतोष कुमार सिंह, डी ओ सी संजीत कुमार और गाइड में रौशन अरा,खुशबु कुमारी,काजल कुमारी, रिया कुमारी,मुस्कान कुमारी के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज़
विष्णुगढ़। बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया | कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया | इस मौके पर प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार चतुर्वेदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि ₹नारी के बिना किसी भी सभ्य समाज के अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती है, शिक्षित नारी दो कुल का विकास करती हैं।₹ उपस्थित रहने वालों में आई०क्यू०ऐ०सी० कॉर्डिनेटर एवं एन०एस०एस० कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ० कुमारी स्वर्णा मिश्रा,विभागाध्यक्ष बबली कुमारी, सहायक प्राध्यापक डॉ० ओमकार नाथ शर्मा,डॉ० सतीश चंद यादव,अशोक कुमार झा,वीरेन्द्र देव, राघवेंद्र प्रताप,सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा,प्रवीण कु0 जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदृश मुखर्जी, जयपाल राणा,डॉ0 अम्बरीश कु0 दुबे,डॉ0 विजयकांत चक्रवर्ती,सीमा,अजीत कुमार भुवनेश्वर कुमार महतो,संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो,सौरभ सुमन,प्रीती पुनम हेमब्रम,आजाद ,नाजरा,सुनीता, बी०एड० एवं डी०एलएड० के सभी प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में नारी शक्ति को सम्मानित किया गया



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड (2026. 03 .08)।8 मार्च मतलब अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तथा इसमें अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय महिला परिषद एवं ओजस्विनी द्वारा इस सुअवसर पर टावर चौक शिव पार्वती मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया। यह तो सर्वविदित है की अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्य रूप से नारी शक्ति के सम्मान, महिला सशक्तिकरण एवं भारतीय संस्कृति में महिलाओं के स्थान पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित करती है यहां ध्यान देने की बात है भारतीय संस्कृति में महिलाओं के स्थान! आज धनबाद विभागाध्यक्ष रवि शंकर पांडे जी एवं जिला अध्यक्ष रितेश पांडे जी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे बैठक आहूत करने का मुख्य कारण महिला दिवस के अवसर पर महिला नारी शक्ति को सम्मान करना इस मौके पर राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला अध्यक्ष पूनम सिन्हा पूजा सिंह की उपाध्यक्ष काजल सिंह छोटी कुमारी सहित और भी सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं ओजस्विनी की बहने उपस्थित थी।

### धनबाद कतरास का नाम रोशन: तिलाटांड़ के विवेक सिंह ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में पाई सफलता



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, रिपोर्टर = पप्पु गुप्ता।
तिलाटांड़ राजपूत बस्ती निवासी बीरेंद्र सिंह के पुत्र विवेक सिंह ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर पूरे कतरास क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विवेक सिंह ने जनवरी 2026 में आयोजित सीए इंटरमीडिएट परीक्षा के ग्रुप–1 में बहुत अच्छे अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। विवेक सिंह ने अपनी प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर, श्यामडीह से पूरी की है। वर्तमान में वह दिल्ली में रहकर आगे की पढ़ाई कर रहे हैं। उनके शिक्षकों ने बताया कि विवेक बचपन से ही एक मेहनती और बहुमुखी प्रतिभा के छात्र रहे हैं और पढ़ाई में हमेशा अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करते रहे हैं। विवेक की इस सफलता से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। परिजन, रिश्तेदार और आसपास के लोग उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं।

# झारखंड की ऑनलाइन बैठक संपन्न, 10 को अनिश्चितकालीन विधानसभा धरना प्रदर्शन में भाग लेने का निर्णय

**हेमंत सोरेन संवेदनशील सरकार बने एवं आंदोलनकारियों की पीड़ा को नजदीक से महसूस करें. : पुष्कर महतो**

लोकतंत्र की आवाज



**रांची।** विधानसभा धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर हुई. प्रत्येक जिले के आंदोलनकारी ने अपनी अपनी तैयारी का जायजा प्रस्तुत किया. आंदोलनकारियों ने कहा कि सभी अपनी-आपनी व्यवस्था लेकर आएंगे और अपने-अपने बाल बच्चों के अधिकारों तथा अपने- अपने स्वाभिमान की रक्षा की लड़ाई स्वयं लड़ेंगे. सभी रहने खाने की व्यवस्था के साथ-साथ परंपरागत अस्त्र शस्त्र एवं लाल हरा मिश्रित झंडा ,बैच ,बैनर वगैरह लेकर आएंगे.

कार्यक्रम का मॉनिटरिंग करते हुए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को न्याय के साथ सम्मान और समाज में स्वाभिमान के साथ जीने के अधिकार के तहत जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर सभी झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया ,झारखंड आंदोलनकारियों के पुत्र पुत्री एवं आश्रितों को सीधी नियुक्ति करने तथा दिशोम गुरु शिबू सोरेन को गजट नोटिफिकेशन कर झारखंड आंदोलनकारी का सर्वोच्च सम्मान देने का काम सरकार जल्द से जल्द करें. झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान से ही राज्य एवं सरकार का सम्मान, पहचान ,स्वाभिमान, आन ,बान और शान है. मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा से लेकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन तक हजारों आंदोलनकारी राजकीय मान सम्मान से उपेक्षित हैं.

आज आंदोलनकारियों में आक्रोश व्याप्त है जिसे अभिव्यक्त करने के लिए 10 मार्च 2026 को हजारों हजार की संख्या में झारखंड आंदोलनकारी अपनी-अपनी व्यवस्था के साथ बिरसा चौक पहुंचेंगे. बिरसा चौक स्थित उलगुलान के नायक बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित करने के पश्चात विधानसभा मार्च करते हुए विधानसभा के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना - प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हैं.क्योंकि आज आंदोलनकारी प्रत्येक दिन आकस्मिक रूप से एवं बीमारियों से मरते ही जा रहे हैं जो शेष बचे हैं वे विशेष बनकर अपने बाल बच्चों के अधिकारों ,अपने अस्तित्व ,अस्मिता, पहचान एवं स्वाभिमान की रक्षा के लिए अन्तिम संघर्ष करेंगे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संवेदनशील सरकार बने एवं आंदोलनकारियों की पीड़ा को नजदीक से महसूस करें. इस संघर्ष में अखिल भारतीय किसान सभा झारखंड प्रदेश झारखंड आंदोलनकारी युवा मोर्चा झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा, खतीयानी परिवार संयुक्त रुप में साथ देगें. साथ ही सभी समाजिक व राजनीतिक दलों से भी समर्थन देने की अपील की गई है.

ऑनलाइन बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष विदेशी महतो केंद्रीय उपाध्यक्ष डॉ रामनाथ मेहता इजहार राही, मुरारी पांडेय, दिवाकर साहू, केंद्रीय सचिव एवं प्रवक्ता मो बारीक , प्रदीप सिन्हा,, जय कुमार रजक,सूरज जायसवाल, रंजन सिंह, प्रो रतन महतो,जगत महतो, रवि नंदी केंद्रीय कोषाध्यक्ष सरोजिनी कच्छप, महासचिव महमूद आलम, सत्य देव राय, गोपाल मंडल,सह सचिव हाबू लाल गोराई, टहल साह, शैलेंद्र शर्मा,विनोद पांडेय, दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष श्रीमती रोजलीन तिर्की,प्रभारी अंथन लकड़ा,उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष प्रवीन मेहता, दुमका प्रमंडल के अध्यक्ष जीतन कोल सचिन बुधन कोल सहित कैलाश सिंह, राजू वर्मा, विकेश शुक्ला, विश्वनाथ प्रसाद, वीरेंद्र ठाकुर, विलंगना किंडो, रामनंदन साहू,सुबोध कुमार लकड़ा , भारदुल भुइयां, रूसीलाल किस्कू, संजय सिंह, सोमारी देवी, प्रकाश खलखो, विजय सिंह,किशोरी केशरी, अल्फ्रेड आईंद, चंद्रधन सिंह चेरो एवं अन्य थे।

## रसोइया संघ की प्रमुख कॉमरेड अनीता का दुर्घटना में मौत

लोकतंत्र की आवाज



**विधायक अरूप चटर्जी बोले- महिलाओं की मजबूत आवाज खो गई**

**झारखंड।** पलामू जिले में भाकपा-माले की प्रमुख महिला नेता और रसोइया संघ की अध्यक्ष कॉमरेड अनीता जी का निधनभाकपा-माले के निरसा विधायक कॉमरेड अरूप चटर्जी ने पार्टी राज्य कमेटी सदस्य, पलामू जिले की संघर्षशील नेत्री और झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ की प्रमुख कॉमरेड अनीता के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी के लिए बहुत बड़ी क्षति है। पलामू के साथ पूरे राज्य की महिलाओं की मजबूत आवाज हमारे बीच से चली गई है। कॉमरेड अरूप चटर्जी ने कहा "भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य सह रसोइया संघ की अध्यक्ष पलामू जिला की संघर्षशील नेत्री कॉमरेड अनीता जी का निधन पार्टी की बहुत बड़ी क्षति है। पलामू के साथ पूरे राज्य की महिलाओं की मजबूत आवाज हमारे बीच नहीं रही। कामरेड अनीता को श्रद्धांजलि, लाल सलाम!

कॉमरेड अनीता अमर रहे! उनके अधूरे सपनों को हम साकार करेंगे।"यह दुखद घटना 7 मार्च 2026 की संध्या लगभग 6:00 बजे सड़क दुर्घटना (रोड एक्सीडेंट) में हुई, जिसमें उनकी जान चली गई। पार्टी के गढ़वा जिला सचिव ने इस निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि यह पार्टी के साथ-साथ पूरे समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति है। वे आम लोगों की आवाज थीं और संघर्षों में हमेशा आगे रहती थीं। सिंदरी विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि शीतल दत्ता और कॉमरेड पवन ने भी इस घटना पर शोक जताया है। कॉमरेड अनीता लंबे समय से विद्यालय रसोइयों के अधिकारों के लिए संघर्षरत थीं। वे झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ की सक्रिय नेता थीं और पलामू जिले में महिलाओं व मजदूर वर्ग की आवाज बनी हुई थीं। भाकपा-माले के कार्यकर्ता उनके योगदान को याद करते हुए उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प ले रहे हैं।

## झरिया के बस्ताकोला में प्लाई गोदाम में भीषण आग, लाखों का सामान राख



**लोकतंत्र की आवाज़**
**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, रिपोर्टर = पप्पु गुप्ता।**
धनाबाद के झरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बस्ताकोला में रविवार को एक प्लाई गोदाम में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि गोदाम में रखा लाखों रुपये का प्लाई जलकर राख हो गया।

घटना में राजू अग्रवाल समेत तीन लोग झुलस गए, जिन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर फटने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग की चपेट में आने से एक मवेशी के झुलसने की भी सूचना मिल रही है, जबकि अन्य मवेशियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी रहीं। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास जारी है।

## धनबाद के लोयाबाद बांसजोड़ा मै बाबा भूतनाथ के नेतृत्व में 9 दिवसीय श्री श्री महारुद्र महायज्ञ का शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज़



**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ , रिपोर्टर = पप्पु गुप्ता।**
लोयाबाद ।बांसजोड़ा में बाबा भूतनाथ के नेतृत्व में 9 दिवसीय श्रीश्री महारूद्र महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ ।बांसजोड़ा यज्ञशाला से कलश यात्रा में यजमान कांग्रेस जिला महासचिव राजकुमार महतो व उनकी धर्मपत्नी शोभा देवी सहित 651 महिलाओं व श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश और धार्मिक ध्वज लेकर मदनाडीह स्थित रानी तालाब से जल भरकर यज्ञ स्थल तक यात्रा निकाली। पूरे मार्ग में भक्ति संगीत, जयकारों और डीजे की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए, जिससे क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया।

यज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि प्रवेश की विधि संपन्न कर महायज्ञ का विधिवत आरंभ कराया गया ।आयोजन समिति ने बताया कि बांसजोड़ा में वर्ष 1976 से लगातार इस महायज्ञ का आयोजन होता आ रहा है, जो क्षेत्र की धार्मिक आस्था और परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है ।महायज्ञ को संपन्न कराने के लिए देवघर से आए आचार्य विशाल पंडा व उनकी टीम वैदिक विधि-विधान से अनुष्ठान करा रहे हैं ।वहीं उत्तराखंड से आईं प्रवचनकर्ता गंगा मिश्रा श्रद्धालुओं को प्रतिदिन प्रवचन के माध्यम से धर्म और अध्यात्म का संदेश देंगी। यज्ञ के दौरान रामलीला का भी मंचन किया जाएगा ।आयोजन समिति ने बताया कि 14 मार्च को प्रसिद्ध भजन गायिका शाहनाज अख्तर का भव्य जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है ।मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस महासचिव राम रहीम असलम मंसुरी, झामुमो महानगर अध्यक्ष मंटू चौहान झामूमो महानगर उपाध्यक्ष हरेन्द्र चौहान, वार्ड 07 के पार्षद अरुण चौहान, वार्ड 08 के पार्षद रामेश्वर तुरी, रामप्रीत यादव, कृपाशंकर सिंह, श्रवण यादव, राहुल पांडेय, अंकि सिंह, शिबलू खान, गौतम कुमार, बिनोद विश्वकर्मा, मनोज कुशवाहा, रामराज राजभर, चांद खान, विष्णु प्रमाणिक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे ।कार्यक्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोयाबाद थाना प्रभारी पिंकु प्रसाद पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

# महिला दिवस पर भेलवारा में कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत ग्राम भेलवारा, में 8 मार्च को जन सहयोग केंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भेलवारा पंचाबयत मुखिया लक्ष्मी कुमारी एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य जय प्रकाश सिंह पटेल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वल्लित कर सुभारंम्भ किया गया | कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम में विभिन्न गांवों जैसे बेडम, खरना, केसोडीह, भेलवारा, चित्रामो , भुताही मुर्गांव इत्यादि से आई महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों और स्थानीय समुदाय के लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर भेलवारा पंचायत मुखिया लक्ष्मी कुमारी ने महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सशक्तिकरण, महिला भूमि अधिकार और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, लैंगिक समानता और सामाजिक विकास में उनकी भागीदारी के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।

जन सहयोग केंद्र के कोषाध्यक्ष रीता कुमारी ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। इसलिए महिलाओं को समान अवसर और सम्मान देना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में आंतरिक समिति सदस्य पूजा कुमारी द्वारा यह बताया गया कि आज के दिन हम सभी महिलाएं मिलकर एक साथ आजादी के साथ खुलकर हम सभी अपनी स्वतंत्रता के साथ जी सकें एवं जेंडर - सी. आर. पी. बसंती देवी द्वारा यह बताया गया कि हम महिलाएं अधिकार के लिए आगे आए हैं और इसमें संस्था का बहुत बड़ा योगदान है संस्था के शालिनी मुर्मू किशोरी यूथ लीडर सुनीता कुमारी अंजली कुमारी आशमुनि कुमारी मनीषा कुमारी स्वयं सहायता समूह के रीता देवी लीलमुनी देवी इत्यादि ने अपने विचारों को रखे

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और समाज में समानता स्थापित करने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम महिलाओं के लिए प्रेरणादायक और जागरूकता बढ़ाने वाला साबित हुआ। इस कार्क्रम को सफल बनाने मे सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य चुनुलाल सोरेन, विजय कुमार प्रकाश हंसदा, अजीत कुमार, अनिल कुमार बसके ,नरेंद्र कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई

# बजटो तथा बरदोंगा पंचायत में व्याप्त व्यापक पेयजल संकट, ग्रामीणों को परेशानी करना पड़ रहा सामना

लोकतंत्र की आवाज



**घर घर नल जल के नाम पर ग्रामीणों के साथ धोखा नहीं जानलेवा मजाक - राजेश यादव**

**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**झारखंड (2026. 03.08)।** जल ही जीवन है और यदि कोई आपसे आपके पेयजल पाने के अधिकार से वंचित करता है तो क्या यह जीवन से भी वंचित करने जैसा नहीं है यदि जल ही जीवन है तो यह भी है। घर-घर नल जल योजना के साथ ग्रामीणों के साथ देशवासियों के साथ यह कैसा व्यवहार है? ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की एक टीम ने आज सदर प्रखंड के बजटो तथा बेरदोंगा पंचायत क्षेत्र का दौरा कर वहां व्याप्त पेयजल संकट का जायजा लिया। इस दौरान पता चला कि, अधिकांश गांवों में पेयजल की योजना कारगर नहीं है। लोग पानी के लिए यहां-वहां भटकने को मजबूर हैं।

मौके पर चपरडीहा गांव में एक-एक घरों का दौरा कर उनकी समस्या का जायजा लिया गया। टीम की अगुवाई कर रहे पूर्व जिप सदस्य एवं फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने कहा कि, ऐसा लगता है नल-जल योजना के नाम पर जनता को धोखा दिया गया है। कहा कि, चपरडीहा गांव में एक भी घर को पानी नहीं मिल रहा है। यही स्थिति आसपास के गांवों की भी है। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व इस योजना को शुरू किया गया और घरों के सामने नल लगा दिए गए। लेकिन लोग अभी भी पानी के लिए तरस रहे हैं ।श्री यादव ने स्थानीय विधायक, सांसद सहित जिला प्रशासन को इस समस्या का तत्काल संज्ञान लेकर समस्या समाधान की मांग की, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है।

मौके पर पार्टी नेता मनोज कुमार यादव, संजय चौधरी, संतोष राय, मुकेश यादव सहित बलदेव कोल, कैला कोल, नीरो कोल, सुकर कोल, दशरथ कोल, भीखन कोल, राजू कोल, गोपाल कोल, मेघु कोल, अनाड़ी देवी, कुंती देवी, उगनी देवी, अनीता देवी, रेखा देवी व अन्य मौजूद थे।

## धनबाद के लाल ने किया कमाल : यूपीएससी में लाया 142वां रैंक, कहा-सफलता के लिए धैर्य जरूरी

लोकतंत्र की आवाज़




**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, रिपोर्टर = पप्पु गुप्ता।**
बाघमारा स्थित डुमरा जमुआटांड़ निवासी बीसीसीएल कर्मी हीरालाल महतो के 29 वर्षीय बेटे शुभम कुमार महतो ने सिविल सर्विस परीक्षा-2025 के फाइनल रिजल्ट में 142वां रैंक हासिल किया है.

शुभम अपनी कड़ी मेहनत और लगन सेधनबाद सहित पूरे राज्य का नाम रौशन किया है. इससे पहले शुभम ने दो बार यूपीएससी में सफलता हासिल की थी, लेकिन उन्हें 2023 में 857वां और 2024 में 606वां रैंक मिला था. जिससे वह संतुष्ट नहीं थे. लगातार प्रयास के बाद आखिरकार इस साल उन्होंने सफलता हासिल कर ली. तीसरे प्रयास में अच्छा रैंक लाने पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है.

**शुभम कुमार महतोगोल्ड मेडलिस्ट रह चुके:** शुभम ने चंद्रपुरा डी-नोबिली स्कूल से 10वीं पास की फिर 12वीं डीपीएस बोकारो से पास आउट हुए. उसके बाद बीएचयू बनारस से माइनिंग इंजीनियरिंग में बीटेक किया. इस दौरान वह गोल्ड मेडलिस्ट रहे. इसके बाद सिविल सर्विस की तैयारी करने वे दिल्ली चले गये.

**माता-पिता को दियासफलता का श्रेय:** उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है. मां मंजू देवी अपने बेटे की कामयाबी पर बेहद खुश हैं. शुभम का कहना है कि सफलता का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता है. इसे पाने के लिए व्यक्ति को खूब मेहनत करनी पड़ती है. कठिन मेहनत, अनुशासन व धैर्य बनाये रखने से सफलता अवश्य मिलती है. उन्होंने कहा कि अपने पैरेंट्स की बातें अवश्य माननी चाहिए, क्योंकि वे हमेशा बच्चों के लिए बेहतर ही सोचते हैं.

## हजारीबाग यूथ विंग ने सांसद मनीष जायसवाल का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया

**सांसद मनीष जायसवाल का जीवन समाज सेवा को समर्पित है, उनके जन्मदिन पर सेवा कार्य करना हम सभी के लिए प्रेरणा का विषय है : चंद्र प्रकाश जैन**

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल का जन्मदिन रविवार को सेवा और सामाजिक सरोकार के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले की सर्वश्रेष्ठ संस्था हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सबसे पहले सांसद आवास पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने उनके दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना करते हुए उनके साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियाँ साझा कीं। इस दौरान हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारी एवं सदस्यों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और सभी ने सांसद के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात लगभग सुबह 10 बजे सांसद मनीष जायसवाल हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ सदर अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना।

इस अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग की ओर से मरीजों और उनके परिजनों के बीच फल एवं बिस्किट का वितरण किया गया। मरीजों और उनके परिजनों ने भी सांसद को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि हम हजारीबाग यूथ विंग के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमारे जन्मदिन को सेवा कार्यों के साथ मनाया। उन्होंने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करती है और जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहती है। सांसद ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसर को समाज सेवा से जोड़ना अत्यंत सराहनीय पहल है। सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल और बिस्किट का वितरण कर उनके साथ समय बिताना उनके लिए भावुक और संतोषजनक क्षण रहा। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही उनके जीवन का मूल उद्देश्य है और जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही उन्हें लगातार समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने अंत में कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देने का काम करते हैं।

हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल हमेशा से सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे हैं और आम लोगों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करते रहे हैं। उनके जन्मदिन के अवसर पर अस्पताल में मरीजों के बीच फल और बिस्किट वितरण जैसे सेवा कार्य करना हजारीबाग यूथ विंग के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सांसद के मार्गदर्शन में हजारीबाग यूथ विंग आगे भी इसी तरह समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता रहेगा। इस अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सांसद के जन्मदिन को सेवा, संवेदना और सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ मनाया तथा समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करने का संकल्प भी लिया। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव रितेश खण्डेलवाल, संस्था के मार्गदर्शक जयप्रकाश खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित बजाज, सनी सलूजा, राजेश जैन, कैलाश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पटना में निशांत कुमार के सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में कैमूर से पहुंचे जदयू जिलाध्यक्ष अजय पटेल व कार्यकर्ता



लोकतंत्र की आवाज

कैमूर। पटना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के सदस्यता ग्रहण समारोह में कैमूर जिले से जदयू जिलाध्यक्ष अजय पटेल अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। इस दौरान पूरे बिहार से जदयू के कई जिलाध्यक्ष और पार्टी पदाधिकारी भी कार्यक्रम में पहुंचे थे। रविवार को लगभग जदयू जिलाध्यक्ष अजय पटेल ने बताया कि पार्टी के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी पटना पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा निशांत कुमार से सक्रिय राजनीति में आने का आग्रह किया जा रहा था। अब उनके राजनीति में आने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी और संगठन को मजबूती प्राप्त होगी। अजय पटेल ने कहा कि निशांत कुमार का राजनीति में कदम रखना केवल उनकी व्यक्तिगत शुरुआत नहीं है, बल्कि यह जनता दल यूनाइटेड की विचारधारा और राजनीतिक यात्रा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मांग पर उनका आगे आना पार्टी के लिए सुखद और उत्साहजनक है। सदस्यता ग्रहण के बाद उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने निशांत कुमार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कैमूर से पहुंचे जदयू कार्यकर्ताओं ने भी उनका जोरदार स्वागत किया और पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में पूरे बिहार से आए कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

### नल-जल का जर्जर तार दे रहा खतरे का संकेत विद्युत विभाग मौन - अमित कुमार राय



लोकतंत्र की आवाज

नुआंव। प्रखंड अंतर्गत छाता बराढी में नल–जल बंद होने से ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें। छाता बराढी वार्ड संख्या दो में बंद नल–जल में ग्रामीणो में पानी को लेकर त्राहिमाम चपाकल का भी जल स्तर नीचे। ग्रामीणो ने नल जल को नहीं चलाने का संचालक अमित कुमार राय पर लगाया आरोप।संचालक अमित कुमार राय से पुछे जाने पर जानकारी देते हुए बताया कि पीएचईडी विभाग के द्वारा नल जल का निर्माण किया गया। और टैम्परोरी तार के द्वारा चालु किया गया। जब तार जर्जर हो गया तो ग्रामीणो के सहयोग से पुन: तार लगाया गया जो लगभग 500 मिटर की दूरी से बांस के सहारे पहुचता है वह भी जर्जर हो गया है।लेकिन आज तक बिजली विभाग के द्वारा तार पोल नहीं लगाया गया। लगाया गया सिर्फ मिटर।तार पोल को योजना में भी दे दिया गया है।मापी भी हो गई है। विधुत विभाग बार बार कहता है कि रवी फ़सल कटने के बाद लगेगा तो खरिफ फसल कटने के बाद लगेगा। आखिर कार वार्ड संख्या दो से सौतेला व्यवहार क्यों।जर्जर तार को टुट जाने से लोहे से बना स्टैचर में आया करंट बाल बाल बचे संचालक ट्रांसफार्मर से तार काट कर मिस्त्री ने जोड़ा बार–बार टूटने से मिस्त्री भी नहीं पहुंच पाता। हर समय जान माल की रहती है खतरा जिसका लिखित एवं मौखिक पीएचईडी वह विद्युत विभाग दोनों को दे दिया गया है।

### दुबारा चोरी के प्रयास से दहशत का माहौल

लोकतंत्र की आवाज

दुर्गावती। स्थानीय थाना क्षेत्र के कुडारी गांव में मुन्ना साह के दुकान में कुछ माह पहले चोरी कर ली गई थी। इसके बाद दोबारा 7 तारीख की रात्रि में उनके दुकान में पीछे की दीवाल में सेंध मारा गया हालांकि चोरों को उनके प्रयास में सफलता नहीं मिल पाई। 8 तारीख को सुबह मुन्ना साह ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार दुकान में चोरी होने से हम लोग काफी भयभीत हैं प्रशासन के द्वारा अभी पूर्व की चोरी का ही खुलासा नहीं किया गया कि दुबारा चोरों के द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया। अब हम लोगों को समझ में नहीं आ रहा है कि क्या करें। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दुर्गावती पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

दुर्गावती। स्थानीय थाना क्षेत्र के डुमरी गांव से एक वारंटी को दुर्गावती पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के बाद रविवार की शाम भभुआ जेल भेजा है। गिरफ्तार वारंटी सिकंदर कुमार पिता सुदर्शन राम ग्राम डुमरी थाना दुर्गावती जिला कैमूर का निवासी है।

### 7.4 लीटर देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार बाइक जप्त



लोकतंत्र की आवाज

दुर्गावती। स्थानीय पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान के तहत एक बाइक से दुर्गावती थाना क्षेत्र के ही दो युवकों को 7.4 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार युवक आकाश कुमार उम्र 18 वर्ष पिता–डोमन केवट ग्राम महुअरियां एवं मोनू कुमार पासवान, उम्र– 27 वर्ष, पिता–उदय प्रताप पासवान, ग्राम–कुल्हड़िया दोनों थाना– दुर्गावती, जिला– कैमूर के निवासी है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष दुर्गावती गिरीश कुमार ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के तहत दो युवकों को ब्लू लाइम देशी शराब 200 एमएल 37 पिस कुल 7.400 लीटर, एवं एक टीवीएस मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तारकिया गया।

### UPSC में 625वां रैंक क्रैक कर गांव पहुंचे नूर आलम, स्टेशन पर गाजे-बाजे और तिरंगे के साथ हुआ स्वागत



लोकतंत्र की आवाज

मोहनिया। संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल करने के बाद अपने गांव पहुंचे नूर आलम का रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। रविवार सुबह जैसे ही नूर आलम ट्रेन से स्टेशन पर उतरे, पहले से मौजूद ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने गाजे–बाजे के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। लोगों के हाथों में तिरंगा लहरा रहा था और पूरे स्टेशन परिसर में खुशी का माहौल बन गया। नूर आलम मोहनिया के कपड़ा व्यवसाई अब्दुल्लाह अंसारी के बेटे हैं परिजनों और ग्रामीणों ने नूर आलम को फूल–मालाओं से लाद दिया। इस दौरान उनकी मां बेटे को देखकर खुद को रोक नहीं सकीं और गले लगाकर भावुक होकर रोने लगीं। यह भावुक पल देखकर वहां मौजूद कई लोगों की आंखें भी नम हो गईं। नूर आलम की इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी सफलता से इलाके के युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। स्वागत जुलूस के साथ नूर आलम को स्टेशन से उनके घर तक ले जाया गया, जहां लोगों ने उन्हें बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दीप प्रज्वलित कर विधायिका संगीता कुमारी ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जीएनएम ट्रेनिंग स्कूल में भव्य आयोजन

**कटरा कला स्थित जीएनएम ट्रेनिंग स्कूल में आयोजित समारोह में छात्राओं व शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित**





लोकतंत्र की आवाज

**विनोद कुमार राम**

**भभुआ कैमूर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मोहनिया प्रखंड क्षेत्र के कटरा कला स्थित जीएनएम ट्रेनिंग स्कूल परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मोहनिया विधानसभा की विधायिका श्रीमती संगीता कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भी उन्होंने ही की, जबकि संचालन संस्था की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती वर्षा कुमारी ने किया।

कार्यक्रम में कुमारी बिंदु, श्रीमती दिव्या कुमारी राय, श्रीमती ज्योति कुमारी, श्रीमती तिवारी, कुमारी दिव्य प्रकाश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैमूर के सिविल सर्जन चंदेश्वरी रजक, मोहनिया अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक विजय कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी श्रीमती अंबर, जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम ऋषिकेश कुमार जायसवाल तथा अरविंद, सत्येंद्रव राय, जयंत कुमार और वीरेंद्र सहित कई लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहनिया अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सा पदाधिकारी श्रीमती अंबर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि महिलाओं के संकल्प और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज की अग्रणी महिलाएं मिलकर पिछड़े वर्ग की महिलाओं को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करें और उन्हें शिक्षा, कौशल तथा मार्गदर्शन देकर आत्मनिर्भर बनाएं। उन्होंने महिलाओं से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के कारण भी राज्य की महिलाएं सशक्त बन रही हैं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती संगीता कुमारी ने कहा कि 20वीं सदी की शुरुआत में न्यूयॉर्क से शुरू हुए महिला आंदोलन के परिणामस्वरूप आज पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे महिलाएं समाज में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने छात्राओं से "शिक्षित बनो, सशक्त बनो, समृद्ध बनो और उत्कृष्ट बनो" का संदेश देते हुए अपने लक्ष्य को सकारात्मक ऊर्जा और लगन के साथ प्राप्त करने की बात कही। विधायक ने संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि नाटक और मंचन के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास सराहनीय है। मौके पर शिक्षिकाओं और छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रभारी प्राचार्या श्रीमती वर्षा कुमारी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्राचीन काल से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं द्वारा किए गए संघर्ष, उत्पीड़न से उबरने और समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त करने की यात्रा का विस्तृत उल्लेख किया। कार्यक्रम का समापन उत्साह, प्रेरणा और महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ हुआ।

# भभुआ: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जगजीवन स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**भभुआ कैमूर।** जिला प्रशासन एवं बाल विकास मिशन कैमूर के संयुक्त तत्वाधान में 08 मार्च अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जगजीवन स्टेडियम भभुआ में 7 मार्च से 8 मार्च तक दो दिवसीय विभिन्न खेलो का आयोजन किया गया था

जिसमे 8 मार्च रविवार को एथलेटिक्स खेल विधा महिला 100 मीटर दौड़,रिले दौड़ जगजीवन स्टेडियम भभुआ, में मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीसी कैमूर,रेखा कुमारी प्रमुख अतिथि उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कैमूर, ओम प्रकाश कुमार खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। 100 मीटर दौड़ में काजल कुमारी प्लस टू गांधी स्मारक उच्च विद्यालय चांद प्रथम स्थान, साक्षी श्रीवास्तव मानव भारती हेरीटेज चांद द्वितीय स्थान, मांडवी कुमारी मध्य विद्यालय भीतरी बांध तृतीय स्थान। वही रिले दौड़ में निधि कुमारी रुचि कुमारी साक्षी श्रीवास्तव,माधवी कुमारी, मानव भारती हेरिटेज चांद प्रथम स्थान प्रीति कुमारी हीना कुमारी,जूही कुमारी रीमा कुमारी उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय तोड़ी भगवानपुर द्वितीय स्थान, मांडवी कमारी,बेबी कुमारी चांदनी कुमारी, नीतू कुमारी,मध्य विद्यालय भीतरी बांध रामपुर तृतीय स्थान प्राप्त किया।मंच का संचालन डॉ श्री कृष्ण सिंह,शौकत अली गद्दी ने किया।वही ।सभी विजेता उप विजेता टीम को 9 मार्च को जिला प्रशासन द्वारा कप मेंडल प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

इस मौके पर उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कैमूर,खेल टेक्निकल पदाधिकारी कबीर अली, डॉ तुलसी प्रसाद सिंह,दिलीप पटेलअसरफ अली,संजय कुमार, जीरान अली,सहित सैकड़ो महिला खिलाड़ी,मेडिकल टीम , पुलिस प्रशासन मौजूद थे।

# यूपीएससी में परचम लहराने वाला किसान का बेटा पहुंचा कैमूर, चैनपुर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने किया स्वागत

लोकतंत्र की आवाज



**चैनपुर।** दिल्ली में यूपीएससी में परचम लहरा कर 571 वा स्थान लियाने वाले किसान का बेटा ने कैमूर जिला में पहुंचने पर लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी । जहां कि इसके बीच चैनपुर स्थित शांति नेत्रालय अस्पताल के तत्वावधान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जहां कि यूपीएससी उर्तीण अमन मल्होत्रा को पहुंचने पर शांति नेत्रालय अस्पताल के प्रबंधक एवं चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने फूल माला से स्वागत किया ।

वहां पर पहुंचे उनके पिता अरूण मल्होत्रा का भी फूलमाला का स्वागत किया गया। इसके बाद अमन मल्होत्रा ने बताया कि 25 साल की उम्र में इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। यह जरा भी कम नहीं है। जो कि हमारे चाचा डॉ चन्द्रशेखर सिंह का देन है। उन्होंने शुरू से ही हमें अच्छा मार्गदर्शन देते रहे और हौंसला को भी बढ़ा रहे थे। जिसका नतीजा है कि एक दिन सफलता हाथ लगी। इसलिए उन्होंने अपने चाचा डॉ चन्द्रशेखर सिंह को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। और वहीं शांति नेत्रालय के प्रबंधक एवं चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि यह हमारा संबंध में भतीजा लगेगा। इस पर शुरू से ही ध्यान था। हमारा इच्छा था कि यह पूरे देश में कोई बड़ा पोस्ट पर नौकरी मिले। और शीघ्र ही एक दिन सपना पूरा हुआ। यह अमन मल्होत्रा शुरू से पढ़ने में तेज था। बोर्ड हों या इंटर या बीए सभी में टाप स्थान लिया कर सुखियों में बना रहता था। उन्होंने बताया कि बड़ों का आशिर्वाद और कड़ी मेहनत और जूनून बेकार नहीं जाती है। एक दिन इसका रंग लाती है।

# समतामूलक समाज का निर्माण करना चाहते थे जगत गुरु रविदास महाराज : सतीश कुमार यादव

लोकतंत्र की आवाज





**भभुआ कैमूर।** अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन जिला इकाई कैमूर के तत्वावधान में संत शिरोमणि जगत गुरु रविदास महाराज जी की 649 वीं जयंती समारोह का आयोजन श्री गुरु रविदास मन्दिर कुडारी कैमूर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता पोतन राम अध्यक्ष श्री गुरु रविदास मन्दिर कुडारी तथा संचालन डॉ पटवारी लाल जी एवं सतीश कुमार ने किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन कर्ता संत बीरेंद्र दास महाराज पंजाब एवं मुख्य अतिथि मा0 सतीश कुमार यादव विधायक रामगढ़ तथा विशिष्ट तिथि के रूप में दीपक यादव जिला परिषद सदस्य दुर्गावती, डॉ निबुलाल राम पूर्व प्रदेश महासचिव बिहार, मा0 जय शंकर राम प्रदेश महासचिव ABRDS बिहार, मा0 महेंद्र गुरुजी मिशन गायक, रामराज भारती, प्रदेश सचिव जितेंद्र कैमूरी, जिला अध्यक्ष राजा राम,इस कार्यक्रम के उदघाटन कर्ता महाराज जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते अमृतवाणी के माध्यम से कहा कि "सत संगत मिल रहीए है माधव जैसे मधुप मखीरा" हे मेरे समाज के लोगों तुम इस तरह संगठित होकर रहो जिस प्रकार शहर की मधुमक्खियां रहती है। अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन गैर राजनीतिक विशुद्ध रूप से धार्मिक संगठन है।

संत शिरोमणि जगतगुरु रविदास जी महाराज ने कहा है कि धारण करो ,सच्चाई ईमानदारी ,करुणा मैत्री ,प्रज्ञा ,शांति दुनिया की सारी बुराइयों को छोड़कर अच्छाइयों को धारण करो इसी का नाम धर्म है। प्रदेश महासचिव ABRDS जय शंकर राम ने कहा की इसे संगठन का मुख्य उद्देश्य भारत में शांतिव्यवस्था और आपस में भाईचारा एवं भय मुक्त नशा मुक्ति मानवतावादी विचारधारा को कायम कर शिक्षा की ओर अग्रसारित कर एक नए भारत का निर्माण करना।

डा पटवारी जी ने कहा कि संत शिरोमणि जगतगुरु रविदास महाराज जी ने भक्ति काल में भी व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई लड़कर एक मध्यम मार्ग दिया । जगतगुरु रविदास महाराज जी ब्राह्मणवाद के पोषक नहीं थे बल्कि बौद्ध विरासत के पुरोधा थे, उन्होंने पूरे संसार के मानव कल्याण के लिए, अमृतवाणी के माध्यम से कहा कि "चाहूं ऐसा राज में जहां मिले सभन को अन्न। छोट बढ़ सब सम बसे रविदास रहे प्रसन्न"। रविदास ब्राह्मण मत पूजिए जो होवे गुणहीन। पूजिए चरण चांडाल के जो होवे गुण प्रवीण।।

रविदास महाराज ने इतना अच्छा अमृतवाणी दिया है जिससे मानव का कल्याण हो जाएगा प्रत्येक मानव इस अमृतवाणी को अंगीकार कर ले तो दुनिया से आतंकवाद समाप्त हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अखिल भारतीय रविदास से धर्म संगठन यूजीसी बिल का पूर्ण समर्थन करती है और जब तक इस यूजीसी बिल को लागू नहीं किया गया तब तक अखिल भारतीय रविदास या धर्म संगठन आंदोलन करते रहेगा। राजा राम जिला अध्यक्ष कैमूर ने कहा कि इस संगठन में नित नैतिकता ईमानदारी के साथ सभी लोग मिलजुल कर संगठन का कार्य करते रहे हैं।

**इस बैठक में निम्नलिखित लोग शामिल हुए :** प्रदेश महासचिव श्री जयशंकर राम,जितेन्द्र कैमूरी प्रदेश सचिव , जिला अध्यक्ष राजा राम, रेखा जी, टुन्ना बैरागी जिला उपाध्यक्ष कैमूर खुशबू कुमारी, सतीश कुमार, महेंद्र गुरुजी मिशन गायक, आदि हजारों की संख्या में अनुयाई शामिल हुए।

# भभुआ के मुंडेश्वरी पैलेस में वैश्य समाज का होली मिलन समारोह, एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर दी बधाई

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर ।** भभुआ शहर स्थित मुंडेश्वरी पैलेस में रविवार को वैश्य समाज द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग शामिल हुए और आपसी भाईचारे के साथ होली की खुशियां साझा की। समारोह के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर वैश्य समाज के कार्यकारिणी अध्यक्ष सिंहासन प्रसाद ने बताया कि होली पर्व के बाद समाज के लोगों को एक मंच पर जोड़ने के उद्देश्य से इस होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्य समाज को संगठित और जागरूक बनाने के लिए समय-समय पर इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि समाज के लोग एक-दूसरे से जुड़े रहें और सामाजिक विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे से मिलकर त्योहार की खुशियां साझा कीं और समाज की एकता को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व कैप्टन त्रिवेणी साह, उमाशंकर जायसवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, संजय गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, डॉ. दिनेश गुप्ता, हरिशंकर प्रसाद गुप्ता, एमएलसी प्रतिनिधि विजय चौरसिया, भारत सोनी सहित वैश्य समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# रामगढ़ में 'हिंदू सम्मेलन' का भव्य शंखनाद: संस्कारों और साहस से ही सशक्त बनेगा हमारा समाज - चंद्र गिरी जी महाराज

लोकतंत्र की आवाज






**रामगढ़।** हाई स्कूल के प्रांगण में 'हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति' द्वारा आयोजित विशाल समागम में जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आध्यात्मिक गुरु और विशिष्ट अतिथि भाई उपेंद्र जी त्यागी सहित स्थानीय प्रबुद्ध जनों ने शिरकत कर सनातन संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण का संकल्प लिया। वही कार्यक्रम का संचालन धीरज कुमार ने की

**मुख्य अतिथि का प्रेरक संबोधन:** सम्मेलन के मुख्य अतिथि श्री चंद्र गिरी जी महाराज ने अपने संबोधन में समाज को साहस और नैतिकता का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा "हमें गलत कर्मों और गलत नियत से डरने की जरूरत है, संसार से नहीं। यदि हम हिम्मत और हौसले के साथ सही रास्ते पर चलते रहेंगे, तो ईश्वर सदैव हमारे साथ रहेगा।" महाराज जी ने शिक्षा और संस्कार के महत्व पर जोर देते हुए 'सरस्वती शिशु मंदिर' जैसे संस्थानों की भूमिका की सराहना की और इसे समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

**भजनों की अमृत वर्षा: 'राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे':** इसी कार्यक्रम के दौरान सुर परी तनु यादव के मधुर गायन ने समां बांध दिया। उन्होंने जब "राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे" जैसे मनमोहक भजन प्रस्तुत किए, तो पूरा पंडाल राममय हो गया और उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। उनके गीतों ने कार्यक्रम में भक्ति की एक नई ऊर्जा भर दी।

**भव्य झांकी और घोष संचलन :** कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत 'पंच परिवर्तन' पर आधारित झांकी रही। बहनों ने घोष (बैंड) की मधुर धुनों के साथ पूरे बाजार में भ्रमण कर समाज को जागृत किया। झांकी के माध्यम से शिक्षा, संस्कार और भारतीय मूल्यों का जीवंत प्रदर्शन किया गया।

महाराज जी के अलावा कार्यक्रम में कई अन्य आध्यात्मिक विभूतियों ने अपने विचार साझा किए: श्री भाई उपेंद्र जी त्यागी (विशिष्ट अतिथि), शीतल दीदी (शिव चर्चा प्रमुख)

, रामचेला सिंह (गायत्री परिवार), रामबली महात्मा जी (निरंकारी समाज), सतेंद्र सिंह (विहंगम योग प्रमुख)

**आयोजन समिति का सक्रिय योगदान :** कार्यक्रम का कुशल संचालन धीरज कुमार ने किया। संयोजक डॉ. जयप्रकाश नारायण सिंह के नेतृत्व में आयोजन समिति के सदस्यों—गुडाकेश तिवारी, रामचन्द्र प्रसाद ठठेरा, अनूप कुमार सिंह, अवनीश तिवारी, सतेंद्र यादव, रविकांत तिवारी, डॉ. बिन्देश्वरी सिंह, राजू राम जी, सुशील चौधरी, रणजीत जायसवाल, राजेश कुमार गुप्ता, रणजीत सिंह (शिक्षक), राजू प्रजापति, पप्पू सिंह, संतोष तिवारी, धर्मेंद्र कुमार सिंह और संतोष कुमार सिंह ने दिन-रात एक कर इस भव्य आयोजन को सफल बनाया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अज्ञात कारणों से विश्वनाथपुर में भीषण आग, दो घर राख



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। जिला के सोनवर्षा राज प्रखंड के थाना क्षेत्रांतर्गत सहसौल पंचायत के विश्वनाथपुर गांव (वार्ड-1) में शुक्रवार देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग ने दो परिवारों के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। मोहन शर्मा और कुणाल शर्मा के घरों में धधकी आग ने सभी घरेलू सामान, अनाज, कपड़े आदि को राख कर दिया। प्रारंभिक आकलन में हजारों रुपये की संपत्ति नष्ट होने का अनुमान है। देर रात की घटना होने के बावजूद परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से आग पर काबू पा लिया। सूचना मिलते ही सहसौल पंचायत के मुखिया शिवेंद्रनारायण सिंह ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। पुलिस और प्रशासन ने घटनास्थल का मुआयना किया है। आग के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

### पतरघट: दो पैक्स चुनाव के लिए नामांकन संपन्न

लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। जिला के पतरघट प्रखंड क्षेत्र के विशनपुर एवं गोलमा पश्चिमी पैक्सों में 18 मार्च को होने वाले मतदान के लिए शनिवार को नामांकन का अंतिम दिन प्रखंड कार्यालय में काफी गहमागहमी भरा रहा। अध्यक्ष पद के लिए कुल 4 तथा सदस्य पद के लिए 17 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। बीपीआरओ अरविंद कुमार ने बताया कि विशनपुर पैक्स से अध्यक्ष पद पर निवर्तमान अध्यक्ष पप्पू यादव ने नामांकन किया। सदस्य पद के लिए 11 अभ्यर्थियों ने पर्चा भरा, जिसमें सामान्य वर्ग से 3 पुरुष व 2 महिलाएं, पिछड़ा वर्ग से 1 पुरुष व 1 महिल, अतिपिछड़ा वर्ग से 1 पुरुष व 1 महिला तथा एससी-एसटी वर्ग से 1 पुरुष व 1 महिल शामिल हैं। वहीं गोलमा पश्चिमी पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए प्रशांत कुमार, किशोर झा व नवीन कुमार ने नामांकन दाखिल किया। सदस्य पद पर 6 अभ्यर्थी हैं, जिनमें सामान्य वर्ग से 3 पुरुष व 2 महिलाएं तथा अतिपिछड़ा वर्ग से 1 पुरुष शामिल हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान बीसीओ अंबिका प्रसाद सिंह, मो. हसन इमाम एवं विजय कुमार मौजूद रहे।

### आठ वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई।अपराधियों समेत वारंटियों की धर पकड़ को चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने आठ वारंटियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली कछौना पुलिस टीम ने यह कार्रवाई करते हुए सभी को सबन्धित न्यायालय भेजा है। पुलिस के इस धर पकड़ अभियान में कस्बे के नटपुरवा ठाकुरगंज निवासी छोटे पुत्र गायरी समेत विभिन्न गांवों के निवासी सुनील, बबलू, अनिल, फकीरे, लियाकत, रामनिवास उर्फ रामविलास समेत रामऔतार को गिरफ्तार किया गया है। इस सबन्ध में थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया सभी वारंटियों को हिरासत में लेकर उनके विधिक कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष अमित सिंह के अलावा उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह, रामचंद्र शर्मा, विशाल पंडीर, राजेश सिंह, हेड कांस्टेबल अखण्ड प्रताप सिंह, कांस्टेबल तूफान सिंह व बंटी कुमार शामिल रहे।

### सड़क हादसे में घायल बर्तन व्यापारी की मौत

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता
हरदोई।सड़क हादसे में घायल बर्तन व्यापारी की इलाज के दौरान रविवार को अस्पताल में मौत हो गयी। जबकि उनकी पत्नी अस्पताल में भर्ती हैं।बताया जाता है कि मोहल्ला मिश्राना निवासी अभय गुप्ता गुरुवार को पत्नी खुशी गुप्ता को दवा दिलवाने ऑटो से हरदोई जा रहे थे। पूराबहादुर के पास ऑटो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया था। इसमें दोनो घायल हो हुए थे। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहाँ से लखनऊ रेफर कर दिया गया था। दोनों को लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अभय गुप्ता के चाचा रमेश गुप्ता ने बताया कि इलाज के दौरान अभय ने दम तोड़ दिया।जबकि उसकी पत्नी खुशी अस्पताल में अभी भर्ती है। करीब पांच साल पहले पिता की मौत के बाद से अभय कटरा बाजार में बर्तन की दुकान संभाले था।

### फुलवरिया गांव में आगलगी से हजारों की संपत्ति राख



लोकतंत्र की आवाज
प्रदीप प्रसाद संवाददाता
सिरदला (नवादा)। प्रखंड क्षेत्र के फुलवरिया गांव में रविवार को अचानक लगी आग में तीन परिवारों की हजारों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग लगने के बाद गांव में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी हरी चौधरी, प्रसादी चौधरी और बिरजू चौधरी के नेवारी के तीन पुंज में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही रजौली से अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक भूसा समेत अन्य सामान राख हो चुका था। घटना में हजारों रुपये की संपत्ति के नुकसान की बात कही जा रही है। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### रामनवमी झांकी को लेकर ग्रामीणों की बैठक, विकास कुमार बने संचालन समिति के अध्यक्ष



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
गिद्धौर (चतरा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक नवयुवक संघ ठाकुरवाड़ी मुहल्ला में रामनवमी पूजा के अवसर पर विजय दशमी के दिन निकाली जाने वाली झांकी की प्रस्तुति को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कपिल कुमार ने की। बैठक में झांकी प्रस्तुति के सफल संचालन को लेकर एक संचालन समिति का गठन किया गया। समिति में सर्वसम्मति से विकास कुमार को संचालन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष को ग्रामीणों एवं क्लब के सदस्यों ने पगड़ी व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक में क्लब के बंशी दांगी, परमेश्वर दांगी, जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू, महासमिति अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा, सुनील राणा, राजेश कुमार उर्फ राजू, छोटू कुमार, नीतीश कुमार दांगी, प्रशांत कुमार, दिलीप दांगी, कार्तिक राणा समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर शक्ति वंदन समारोह किया गया आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**
**यूपी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर की अग्रणी संस्था साहित्य संगम जन जागृति सामाजिक मंच के सौजन्य से देवबंद एवं छुटमलपुर की अपने-अपने क्षेत्र में शानदार कार्य कर रही महिलाओं को नारी शक्ति वंदन समारोह में मंच द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर महामंडलेश्वर की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया सम्मानित प्रतिभाओं में महा मंडलेश्वर श्री श्री 1008 साध्वी आशु जी अध्यक्ष कैंसर हॉस्पिटल उषा राठौर मानव अधिकार एवं महिला सुरक्षा संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ छुटमलपुर शाहिस्ता परवीन संपादक इंडिया टुडे ,डॉक्टर फोजिया खान नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल, रीता सिंह समाजसेविका, सविता वर्मा समाजसेवी का छुटमलपुर, कविता सैनी प्रधानाचार्या लिटिल बेबी पब्लिक स्कूल छुटमलपुर, चित्रा गर्ग बबली महिला सुरक्षा संगठन मंडल अध्यक्ष, प्रिया चौहान महिला सुरक्षा संगठन प्रदेश अध्यक्ष, रजनी रामकृष्ण सेवा सदन युमना नवाज गर्ल्स की अध्यापिका को प्रतीक चिन्ह एवं पटका माला पहनकर सम्मानित किया छुटमलपुर से समाजसेवी का राजरानी एवं सविता वर्मा जी को पटक माला पहनकर सम्मानित किया गया।

पब्लिक स्कूल के अध्यापिका समाजसेविका को सम्मान पटका माला पहनकर सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट





किया गया उपस्थित समस्त महिलाओं को पटका पहनकर सम्मानित किया गया मंडलेश्वर जी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान देवों ने भी किया है अतः महिला देवी स्वरूप होती है उषा राठौर जी ने आज की युग में महिला किस तरीके से और बेहतर विकास कर सकती है अपने विचार रखिए डॉ फौजिया ने युवा पीढ़ी की सोच शिक्षक बदल सकते हैं महिलाएं सशक्त होंगी तो देश सशक्त होगा इंडिया टुडे की संपादक शाहिस्ता खान ने महिला पुरुष दोनों गाड़ी के पहिए होते हैं समाज में दोनों का अपना-अपना महत्व होता है एक दूसरे को समझते हुए जिंदगी को बेहतर बनाया जा सकता है रीता सिंह जी ने मां संतान की प्रथम गुरु होती है बच्चों के साथ स्नेह पूर्वक व्यवहार करते हुए उनको समझना चाहिए मुख्य अतिथि उषा राठौर, सुदेश शर्मा को पटका पहन कर एवं सम्मान प्रतीक भेंट किया गया सभी अतिथियों ने अपने विचार रखें संस्था अध्यक्ष अध्यापिका ममता वर्मा ने आज का युग आधुनिकता का युग है पूर्वजों से मिले हुए संस्कार हमारी धरोहर है सभी रिश्तों और कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए अपने देश के प्रति सदैव वफादार रहना चाहिए एक स्त्री को अपनी सोच के साथ प्रगति के पथ को प्रशस्त करते रहना चाहिए एक बेटी राष्ट्रपति के पद को ईमानदारी पूर्वक सुशोभित कर रही है बेटियों के हौसलै ने पंख लगाकर अंबर तक उड़ने भारी है सेना में बेटी अपने हौसले दिख रही है आज देश में बेटियों को उन्नति के पूर्ण अवसर मिल रहे हैं

अपनी सोच को सकारात्मक रखें और किसी भी नकारात्मकता पर ध्यान न देकर जो कार्य समाज के हित में हो करते रहिए अपनी कविता और रचनाओं के सुंदर विचारों के साथ अपनी स्वरचित रचनाओं के माध्यम से सुंदर मनमोहक सार्थक मंच संचालन किया उषा राठौर छुटमलपुर जी ने ममता वर्मा जी सहित साहित्य संगम मंच की पूरी टीम को सम्मानित किया वही श्री श्री 1008 महा मंडलेश्वर जी द्वारा भी छुटमलपुर एवं साहित्य संगम जन जागृति सामाजिक मंच कैसे पदाधिकारी एवं सदस्यों को सम्मानित किया संस्था को मां महिषासुर मर्दिनी का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया 2019 में यह संस्था अध्यापिका ममता वर्मा जी के द्वारा बनाई गई थी जो निरंतर साहित्य एवं समाज सेवा कार्यों में निस्वार्थ योगदान कर रही है स्वावलंबी महिलाओं की यह संस्था प्रेरणा स्त्रोत है अदिति वर्मा, निधि वर्मा, ज्योति वर्मा डॉ शालिनी खुराना, प्रियंका गर्ग, चारु सिंह ,डोली राजूकुमारी शर्मा अध्यापिका मधुलिका प्रधानाचार्य वंदना जैन, श्वेता वर्मा, रेखा शर्मा सहित मंच की समस्त कर्मठ महिलाओं ने अपने विचार रखें ज्योति वर्मा ने एक गीत के माध्यम से आयुर्वेदिक एवं योग पर एक गीत प्रस्तुत किया इस अवसर पर आरती, नीतू पुंडीर ,गीता सिंगल, प्रीति रेनू, सुनीता रामकृष्ण सेवा सदन का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# रामनगर में 12 वर्षीय छात्र रहस्यमय ढंग से लापता, पुलिस व एसएसबी की संयुक्त खोजबीन जारी



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** पुलिस जिले के रामनगर थाना क्षेत्र स्थित बेली बेलवा गांव से एक 12 वर्षीय छात्र के लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बच्चे के मामा राजेश यादव ने रामनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। लापता छात्र की पहचान सतीश कुमार (12) के रूप में हुई है, जो प्राथमिक विद्यालय बेली बेलवा में पांचवीं कक्षा का छात्र है। बताया जाता है कि सतीश कुमार बेली बेलवा गांव में अपने नाना अमर यादव के यहां रहकर पढ़ाई करता था। उसके पिता सोनालाल यादव चौतरवा थाना क्षेत्र के इंग्लिसिया गांव के निवासी हैं।

**खाना खाने के बाद गया था बाहर :** परिजनों के अनुसार गुरुवार की शाम करीब 7:30 बजे सतीश घर पर खाना खा रहा था। खाना खाने के बाद वह घर से बाहर पेशाब करने के लिए निकला, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने मामले की सूचना रामनगर थाना पुलिस को दी।

**पुलिस व एसएसबी की संयुक्त खोजबीन जारी :** सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और बच्चे की तलाश शुरू कर दी गई। खोजबीन में पुलिस के साथ एसएसबी की टीम भी लगी हुई है। बच्चे की तलाश के लिए तकनीकी माध्यमों का भी सहारा लिया जा रहा है। इसके अलावा एसएसबी के डॉग स्क्वायड की मदद से आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की जा रही है।

**वाहन से ले जाने की आशंका :** एसएसबी के मुख्य आरक्षी विमल कुमार ने बताया कि श्वान दस्ता खेतों से होते हुए एक विद्यालय तक पहुंचा और वहीं जाकर रुक गया। इससे आशंका जताई जा रही है कि संभवतः वहां से बच्चे को किसी वाहन के माध्यम से ले जाया गया हो। घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी बच्चे का कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और बच्चे की तलाश लगातार जारी है।

# रेल पटरी के समीप युवक का शव बरामद



**लोकतन्त्र की आवाज**
**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती थाना क्षेत्र के कटुआ पहाड़ के समीप एक युवक का शव पटरी के पास से बरामद किया गया। मृतक की पहचान ओलापुर निवासी हुकुम चंद मंडल के पुत्र पिंकू मंडल के रूप में हुई। लोगों ने परिजनों को जानकारी दिया। परिजन भी मौके पर पहुंचे।मौके पर ए एसपी सह कहलगांव एसडीपीओ 2 पंकज कुमार, पुलिस निरीक्षक अरुण कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संगम कुमारी, पीरपैंती थाना के पुलिस पदाधिकारी व कहलगांव आर पी एफ पुलिस अवर निरीक्षक बेचन मिश्रा जीआरपी पुलिस बल के साथ समाज सेवी रंजीत पासवान मौजूद रहे। पुलिस के निगरानी में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ।वहीं घटना स्थल पर डॉग स्काइड व एफ एस एल टीम जांच कर जरूरी सामान साक्ष्य एकत्र कर ले गई।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने होली मिलन समारोह मनाया





लोकतंत्र की आवाज

**उरई जालौन ।** जनपद जालौन के ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर के पत्रकार साथियों ने भाग लेकर एक-दूसरे को रंग गुलाल लगा कर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और आपसी भाई चारे और सौहार्द का संदेश दिया

होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के वरिष्ठ पत्रकार जालौन टाइम्स के संपादक के पी सिंह जो पत्रकारिता जगत प्रेरणास्त्रोत के रूप में जाने जाते है वरिष्ठ पत्रकार के पी सिंह की अध्यक्षता में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह राजावत के आवास पर आयोजित हुआ इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे पत्रकार साथियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही संगठन विस्तार के तहत भीम राजावत को जालौन तहसील का अध्यक्ष मनोनीत किया गया, जिनका सभी पत्रकार साथियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जी.एम. हुसैन अली, पत्रकार अखिलेश सोनी पत्रकार, संजय कुमार पत्रकार, आदित्य ह्रदय पत्रकार, स्वामी गोस्वामी और शानू खान पत्रकार, सहित अन्य पत्रकार साथियों ने भी भीम राजावत को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी, कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों ने आपसी भाईचारे और एकजुटता के साथ होली पर्व की खुशियां साझा कीं।

# एलएंडटी फाइनेंस कंपनी के कर्मी से लूट मामले में पुलिस ने एक बदमाश को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के टेंगराहा गांव के समीप गत दस जनवरी को एलएंडटी फाइनेंस कंपनी के कर्मी से हुई लूट की घटना में बख्तियारपुर पुलिस को सफलता मिली है। इस मामले में पुलिस ने एक अप्राथमिकी अभियुक्त पुतुल कुमार को शुक्रवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस ने एक अभियुक्त छोटू कुमार को इससे पूर्व गिरफ्तार कर चुकी है।

जानकारी के अनुसार खगड़िया जिला अंतर्गत महेशखूंट निवासी गुड्डु कुमार एलएंडटी फाइनेंस कंपनी में कर्मी है। वह प्रतिदिन की तरह दस जनवरी को विभिन्न गांवों में कलेक्शन कर सिमरीबख्तियारपुर ब्रांच लौट रहे थे। जैसे ही वह टेंगराहा गांव से कुछ दूर आगे बढ़े थे कि बांसवाड़ी के समीप



एक स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोक दिया था। आरोप है कि दो बदमाशों ने उनका हाथ पकड़ लिया, जबकि तीसरे बदमाश ने हथियार का भय दिखाकर उनके पैंट की जेब से 49,300 रुपये छीन लिए और फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित कर्मी ने बख्तियारपुर थाना में इसकी सूचना दी थी, जिसके बाद पुलिस के द्वारा लगातार बदमाशों के ठिकानों पर छापेमारी अभियान जारी रहा। इस दौरान पुलिस ने घटना में शामिल दूसरे अभियुक्त पुतुल कुमार को भी दबोच लिया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार ने बताया कि लूट कांड में पुलिस ने छापेमारी कर घटना में शामिल दूसरे बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायालय भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना में शामिल एक अन्य बदमाश अभी भी फरार चल रहा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# संतमत सत्संग का 77 महोत्सव प्रारंभ भजन-कीर्तन के साथ प्रवचन शुरु

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती, कहलगांव।** भागलपुर जिला संतमत सत्संग का 77वां वार्षिक अधिवेशन कहलगांव स्थित शारदा पाठशाला में भव्यतापूर्वक प्रारम्भ हुई।

इस अवसर पर परमाराध्य अनन्तश्रीविभूषित संत सद् गुरु महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज के हृदयस्वप तपोनिष्ट शिष्य ब्रह्मलीन महर्षि संत शाही स्वामी जी महाराज के परमस्नेही संतमत के प्रधान आचार्य परमपूज्य महर्षि चतुरानन्द जी महाराज एवं अन्य साधु महात्माओं के द्वारा भजन कीर्तन स्तुति प्रार्थना सद्ग्रन्थ पाठ एवं प्रवचन की प्रस्तुति की गयी। साथ ही साथ घोड़े, बाजा, के साथ विभिन्न मार्ग होते भव्य



शोभायात्रा निकाली गयी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ ने बढ़ चढ़ भाग लिया शहर में श्री सदगुरु महाराज की जय का नारा गुंजायमान कर नगरवासियों को भक्तिमय से विभोर कर दिया। कार्यक्रम में डॉ० राजेन्द्र महतो, पूर्णिया कोट बजरंगी पाण्डेय, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री संजीव कुमार चंद्रवंशी, डॉ० प्रवीण कुमार राणा, अरूण कुमार यादव, दयानंद साह, डॉ० रामजी पासवान, अर्जुन मंडल, प्रदीप सिंह पप्पू, अंजन कुमार सुरेश पासवान, एवं प्रभाष चंद्र सिंह सैकड़ों श्रद्धालु के साथ शोभा यात्रा निकाली गयी।

# प्रधान उदोतपुरा जागीर ने मीडिया को बताए दावे- वादे, रामपुरा विकास खंड की ग्राम पंचायत उदोतपुरा जागीर के प्रधान से खास मुलाकात

लोकतंत्र की आवाज

**रामपुरा जालौन ।** रामपुरा विकास खंड की ग्राम पंचायत उदोतपुरा जागीर के प्रधान भानु प्रताप सिंह से भेट वार्ता कर उनके चुनावी मुद्दों पर खास चर्चा की गई। प्रधान भानु प्रताप द्वारा कराए गए विकास कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई वही ग्राम प्रधान भानु प्रताप सिंह, उदोदपुरा जागीर ने बातचीत के दौरान जनता से किए वादों पर खरा उतरने की बात कही । और उन्होंने कहा कि मै जनता का सेवक हु जनता ने मुझे चुनकर इस लायक बनाया मै अपने गांव की जनता का आभार प्रकट करता हूं और उनका ऋणी रहूंगा हमेशा जिस भरोसे को लेकर जनता ने मुझे प्रधान पद पर चुना है मैने जनता के बीच सेवक बनकर कार्य किया ।



**सचिवालय मे मौजूद प्रधान भानु प्रताप व सचिव रत्नेश कुमार से ग्राम पंचायत उदोत पुरा जागीर में एक खास मुलाकात में 5 वर्ष के वादे व दावे गिनाए**

जनता ने मुझे सर्वप्रथम चुना तो मैंने देखा कि स्कूल में इंटरलॉक निर्माण और मिट्टी भराव की आवश्यकता है, तो मैने सर्व प्रथम बैठक कर स्कूल में मिट्टी भराई और इंटर लॉकिंग कार्रवाई तथा टाइल्स का कार्य भी कराया। उसके बाद मैंने गाँव में इंटरलॉक और सीसी निर्माण का कार्य करवाया।जर्जर पड़े सचिवालय की मरम्मत कराई। बेनीपुरा में आंगनवाड़ी केंद्र बनवाया और प्राइमरी स्कूल का निर्माण भी करवाया। और बेनीपुरा में जनता की समस्या को देखते हुए लगभग चार रीबोर (पानी के बोरवेल) करवाए। आज मैं प्रेस के माध्यम से अपनी इच्छा जताना चाहता हूँ कि अगर जनता ने मुझे आगे भी चुनाव लड़ने का मौका दिया तो फिर मैं जनता का सेवक बनकर कार्य करूंगा मेरे क्षेत्र की जनता की आवाज उठ रही की प्रधानजी जगम्मनपुर से एससी सीट आती है, तो मैं जिला पंचायत का चुनाव लड़ना पड़ेगा ।

अपने क्षेत्र का विकास तभी होगा जब आप तन मन धन से अपना कार्य समझकर कार्य करेंगे तभी क्षेत्र का विकास होगा और आपको आगे बढ़ाना चाहता हूँ। जिसने गाँव की समस्याओं को सुना और उच्च अधिकारियों तक पहुँचाने का काम किया। इसके लिए मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूँ। और मैं अपनी बात मीडिया के माध्यम से जनता के बीच पहुंचाना चाहता हूं

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित मासिक समीक्षात्मक बैठक में योजना क्रियान्वयन में तेजी

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा विभिन्न तकनीकी विभागों यथाः ग्रामीण कार्य विभाग, भवन प्रमंडल, पर्यटन विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बुडको, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम सहित अन्य तकनीकी कार्यालयों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति समीक्षा के क्रम में निर्माणाधीन योजनाओं के क्रियान्वयन में और तेजी लाने एवं निर्धारित अवधि में इसके पूर्णता हेतु ठोस कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। पर्यटन विभाग द्वारा मत्स्यगंधा झील के विकास हेतु किए जा रहे कार्य समीक्षा क्रम में सुपर स्ट्रक्चर का कार्य प्रगति पर होने के संबंध में जानकारी दी गई,



क्रियान्वयन एजेंसी को उक्त वर्णित कार्य और मंडन मिश्र धाम/मां उग्रतारा मंदिर के विकासात्मक कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया गया है।

भवन प्रमंडल द्वारा किए जा रहे कार्यों समीक्षा के क्रम में वर्तमान में संचालित योजनाएं यथाः राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में अतिरिक्त शैक्षणिक भवन, अभियंत्रण महाविद्यालय के परिसर का चहारदीवारी, व्यवहार न्यायालय परिसर में लॉयर्स हॉल, वन स्टॉप सेंटर भवन सहित कुल उनतीस योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा संचालित योजना समीक्षा के क्रम में ली गई बारह योजनाओं में कार्य प्रगति होने के संबंध में जानकारी दी गई। जिसको यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। वही पूर्वी तटबंध प्रमंडल, कोपरया द्वारा किए जा रहे कार्यों समीक्षा के क्रम में जानकारी दी गई की संदर्भित क्षेत्र में तटबंध, संरचना सुरक्षित है, कटाव निरोधात्मक कार्य अंतर्गत वर्तमान में चार योजना में कार्य प्रगति पर है. जिसको यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अन्य तटबंध प्रमंडल को बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों को सर्वोच्च्य प्राथमिकता के आधार पर ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में तीलावे नदी में चल रहे उड़ाही कार्य की वर्तमान प्रगति की समीक्षा की गई एवं संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी को इस वर्ष अप्रैल माह तक शेष कार्य को अनिवार्य रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजिटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।